11- MAY- COR- MAIN- Pg- 1_page1.qxd 5/11/2025 10:07 PM Page 1






# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


ये तीन आतंकी हुए ढेर



मुदस्सर खड़ियान उर्फ अबू जुंदाल



मोहम्मद यूसुफ अजहर



हाफ़िज़ मुहम्मद जमील

ऑपरेशन सिंदूर पर तीनों सेना प्रमुखों ने बताई पाक की बरबादी

सेना ने तबाह हुए आतंकी ठिकानों की तस्वीरें साझा की

# ‘सबूत’ का दम, अब चलीं गोलियां, तो हम बरसाएंगे बम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने साफ कर दिया है कि ‘ऑपरेशन सिंदूर’ अभी खत्म नहीं हुआ है। 7 मई को पाकिस्तान नियंत्रित क्षेत्रों में आतंकियों के ठिकानों पर की गई कार्रवाई के बाद भारत का संदेश बिल्कुल साफ है, अगर पाकिस्तान गोली चलाएगा तो भारत दो गुना ताकत से जवाब देगा। रविवार को भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंक पर की गई कड़ी कर्रवाई की ब्रीफिंग दी गई।

डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा- आप सबको पता है कि पहलगाम अटैक में किस क्रूरता से 26 लोगों को मारा गया था। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों को टारगेट किया। इसमें दुश्मनों को भारी नुकसान हुआ। घई ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई को हुई कार्रवाई में सीमा पार 9 ठिकानों पर हमने 100 आतंकवादी मार गिराए। इसमें कंधार हाईजैक और पुलवामा अटैक में शामिल 3 बड़े आतंकी चेहरे भी शामिल थे। 7 मई को हुई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल्स से हमारे बॉर्डर स्टेट्स में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की। हमनें उन्हें हवा में ही मार गिराया। एक भी टारगेट सक्सेस नहीं होने दिया। इसके बाद हमने पाकिस्तान को जवाब देते हुए सख्त कार्रवाई की, जिसमें पाकिस्तानी सेना के 35 से 40 सैनिक और अफसर मारे गए। बॉर्डर और एलओसी पर हुई पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में हमारे 5 जवान शहीद हुए ▶▶|शेष पेज 8 पर

**पाकिस्तान को तगड़ा झटका**

| 100 | 03 | 09 | 40 | 03 |
|---|---|---|---|---|
| आतंकी मारे गए | बड़े आतंकी भी मृतकों में | आतंकी अड्डे तबाह किए | अफसर-जवानों की मौत | रडार नष्ट किए एयरबेस भी तबाह |

*भारतीय सेना द्वारा सीमा पर पाकिस्तान की कायराना हरकतों का मुंह तोड़ जवाब देने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अगर सीमा पार से गोली चलेगी तो भारत गोलों से उनका जवाब देगा। इधर, भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के 25 घंटे बाद रविवार को तीनों सेनाओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और ऑपरेशन सिंदूर का ब्योरा साझा किया। इस बीच, भारत ने आतंकवाद में पाकिस्तान की संलिप्तता के नवीनतम सबूतों के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक टीम भेजने का निर्णय लिया है।*





ना-पाक चाल का दिखाया सबूत

## ‘नापाक’ चेहरा करेंगे बेनकाब

इधर, भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पूरी तरह से आक्रामक कार्रवाई का रुख अपना लिया है। पहले संघर्ष के मैदान में हर तरीके से पछाड़ने के बाद अब भारत पाकिस्तान को वैश्विक स्तर पर उसका आतंकवाद के समर्थक वाला चेहरा बेनकाब करेगा। भारत आतंकवाद में पाकिस्तान की संलिप्तता के नवीनतम सबूतों के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक टीम भेजेगा। अगले सप्ताह यूएनएससीआर 1267 प्रतिबंध समिति की बैठक होगी।

### यहां राहत भरी खबर

- सुबह से भारत एवं पाकिस्तान बार्डर पर रही शांति
- पंजाब में शांति कायम, आज से खुलेंगे स्कूल
- राजस्थान में आंशिक रूप से रद्द 16 ट्रेनें चलेंगी
- हरियाणा में 6 ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर बहाल
- जम्मू-कश्मीर में हालात हो रहे सामान्य, बाजार खुले

**ऐसा अलर्ट**

## दिल्ली हवाई अड्डे पर करीब 100 उड़ानें रद्द

दिल्ली हवाई अड्डे से प्रस्थान और आगमन वाली करीब 100 उड़ानें रविवार को रद्द कर दी गईं। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं। देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में कम से कम 32 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।



इधर, पीएम मोदी की दो टूक

## हमला किया तो अंजाम ठीक नहीं होगा

पीएम मोदी ने कहा है कि अगर पाकिस्तान की तरफ से कोई भी हमला किया जाता है तो इसका अंजाम ठीक नहीं होगा। पाकिस्तान को इसके परिणाम भुगतने होंगे। सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं। पीएम ने कहा है कि अगर पाकिस्तान की ओर से गोली चलती है, तो यहां से गोलों से हमले होंगे। सरकार के सूत्रों के हवाले से यह भी स्पष्ट किया गया है कि कश्मीर के मुद्दे पर भारत किसी भी तीसरे देश की मध्यस्थता नहीं चाहता है। कश्मीर में भारत के लिए एक ही मुद्दा बचा है, और वह है- पाक अधिकृत कश्मीर यानी पीओके की वापसी। बता दें कि रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्षविराम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि अमेरिका कश्मीर के मुद्दे पर दोनों देशों के बीच मध्यस्थता करवा सकता है। अब भारत ने इस बयान पर अमेरिका को स्पष्ट कर दिया है कि भारत इस मसले को घसीटना नहीं चाहता और वह अपने तरीके से पाकिस्तान को जवाब देने में सक्षम है।

### अब जुबानी जंग...

#### रावलपिंडी में भी महसूस की भारतीय सेना की ताकत




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने न केवल सीमा के पास पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हमला किया, बल्कि उनकी ताकत पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय की मौजूदगी वाले रावलपिंडी में भी महसूस की गई।

#### कांग्रेस बोली- सरकार बुलाए संसद सत्र



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। यह आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प को प्रदर्शित करने का भी अवसर होगा।

#### पीएम की मौजूदगी में सर्वदलीय बैठक बुलाएं



राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने सर्वदलीय बैठक बुलाए जाने की रविवार को मांग की। उन्होंने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे इसमें शामिल होने पर तब तक सहमत न हों, जब तक सरकार यह आश्वासन नहीं देती कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें मौजूद रहेंगे।




INDIA'S 13th PRIVATE UNIVERSITY WITH "UGC12(B)"


SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY UNIVERSITY RAIPUR SRU सत्यम् ज्ञानम् अनंतम्

# SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY
## RAIPUR, CHHATTISGARH, INDIA

श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट 25 रजत जयंती वर्ष सेवा - आस्था - विश्वास - परिश्रम - प्रयास

(Approved by UGC U/S 2(f) of the UGC Act-1956)

APPROVED & RECOGNIZED BY:




**ARTS**
- B.A. Yoga
- B.Sc. Yoga
- PG Diploma in Yoga
- B.Lib.
- M.P.E.S.
- M.A. Yoga
- M.Sc. Yoga
- B.P.E.S.
- M.Lib.

B.A.
- Economics
- English
- History
- Psychology
- Sociology
- Education
- Hindi
- Political Science
- Geography
- Vedic Studies/Sanskrit

M.A.
- Economics
- English
- History
- Psychology
- Sociology
- Education
- Hindi
- Political Science
- Geography

**ENGINEERING**

Diploma & B.Tech.
- Civil
- CSE
- EEE
- Electrical
- Metallurgy
- Fire & Safety
- Mining
- Mechanical

M.Tech.
- Automobile
- Computer Science
- HSE
- Metallurgy
- Mining
- Production
- Thermal
- Instrumentation & Control
- Power System & Control
- Urban & Town Planning
- Construction
- Geotech
- Highway
- Machine Design
- Power Electronics
- Structure

**SCIENCE**
- B. Optometry
- M. Optometry
- BCA
- MCA

B.Sc.
- Biotech
- EVS
- CBZ
- MLT
- Nutrition & Dietetics
- Computer Science
- Microbiology
- Dialysis Technology
- PCM
- Bio-Chemistry

M.Sc.
- Biotech
- Chemistry
- EVS
- Physics
- Nutrition & Dietetics
- Computer Science
- Botany
- Microbiology
- Maths
- Zoology
- Bio-Chemistry



**PHARMACY**
- D. Pharmacy
- B. Pharmacy

M.Pharmacy
- Pharmaceutics
- Pharmaceutical Chemistry

**LAW**
- B.A. LL.B.
- B.Com. LL.B.
- LL.B.
- LL.M.

**EDUCATION**
- D.ED SPL-IDD
- B.ED SPL-IDD
- B.ED.
- BP.ED.

**COMMERCE & MANAGEMENT**
- B.Com.
- M.Com.
- B.B.A.
- M.B.A.
- E-M.B.A.














- 65 Acre Lush Green Campus
- 8000+ National and International Students
- 100% Campus Placement Drive
- Global National & International Collaborations
- Research and Innovations
- National Excellence Partnerships
- Advance Learning Infrastructure
- Career Development
- Scholarship Schemes
- Hassle-free Payment Plans with Multiple Options

Scan For **Apply Now**



Companies Shared for **Placement**

TOYOTA, Reliance, inh, Capgemini, BYJU'S, UltraTech Cement, Ambuja Cement, HIRA, TITAN EYEWEAR, IndusInd Bank, IDFC FIRST Bank, ICICI Bank, Dr.Reddy's, Bandhan Bank, vedanta, CRYOVIVA, Schindler, IntelliPaat, Apollo Pharmacy, Johnson, Vandana Global, elysium

7222910411

NH-30, New Dhamtari Road, Raipur (C.G.)

बिलासपुर
सोमवार, 12 मई 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
वर्ष : 25, अंक : 51
पृष्ठ : 12+20+12= 44 मूल्य : 4 .00***
मौसम
अधि. 41.2
न्यून. 27.9

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com











inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट, केस दर्ज



**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। बालगोपाल चौरसिया ने शिकायत दर्ज कराई कि शब्बीर अंसारी, जुबैर अंसारी और इजहार ने अपने फेसबुक अकाउंट पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की है।

### सिक्किम में बिछेगी नई रेलवे लाइन



**गुवाहाटी।** सिक्किम में मेली से डेंटम तक जोरथांग और लेगशिप के रास्ते नयी रेलवे लाइन बिछाने के लिए अंतिम सर्वेक्षण को रेल मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इस सर्वेक्षण को पूर्वोत्तर सीमा रेलवे द्वारा 2.25 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा।

### आईसीएआर के पूर्व प्रमुख कावेरी नदी में मृत मिले

**मांड्या।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के पूर्व महानिदेशक एवं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सुब्बन्ना अय्यप्पन, श्रीरंगपटना के निकट कावेरी नदी में मृत पाए गए। शनिवार को उनका शव पानी में बहता मिला, जिसके बाद उसे बाहर निकाल लिया गया। अय्यप्पन (70) कृषि और मत्स्य वैज्ञानिक थे।

### अमिताभ बच्चन ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रशंसा की

**नई दिल्ली।** अभिनेता अमिताभ बच्चन ने पहलगाम आतंकवादी हमले की रविवार को निंदा की और इसके प्रतिशोध में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना की। बच्चन ने 'एक्स' पर लिखा कि पहलगाम हमले में छुट्टियां मनाते हुए आतंकवादियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की उस समय हत्या कर दी जब वे छुट्टियां मना रहे थे।

# अब राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल भी, बिना वारंट गिरफ्तारी-तलाशी कर सकेगी फोर्स

पुलिस से प्रतिनियुक्ति पर बल में लिए जाएंगे अधिकारी

*छत्तीसगढ़ में अब एक और सशस्त्र बल के गठन की तैयारी है। औद्योगिक सुरक्षा के नाम से गठित यह बल इस लिहाज से शक्तिशाली हो सकता है कि इसके अधिकारी बिना वारंट किसी की भी गिरफ्तारी कर सकेंगे। साथ ही इन्हें वारंट के बिना भी किसी भी जगह तलाशी का अधिकार होगा। यह बल राज्य के औद्योगिक परिसरों को सुरक्षा देने का काम करेगा और इसके बदले मिलने वाली राशि सरकार के खजाने में जमा होने से शासन को वित्तीय लाभ भी होगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल विधेयक विधानसभा से पारित कराया है। विधेयक को राज्यपाल की अनुमति मिलने के बाद यह लागू होगा। सरकार का मानना है कि बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों को लगातार सुरक्षा प्रदान करने के लिए औद्योगिक गतिविधियों के दौरान होने वाली कानून व्यवस्था में गतिरोध को कानूनी रूप से सुरक्षा प्रदान करने के लिए इस बल के गठन की जरूरत है। राज्य में औद्योगिक एवं व्यावसायिक वातावरण अनुकूल बनाने के लिए इस विशिष्ट बल की जरूरत है।

राज्य सरकार के इस औद्योगिक सुरक्षा बल को कई अधिकार दिए जाएंगे, लेकिन इसमें सबसे महत्वपूर्ण यह भी है कि बल का कोई भी सदस्य वारंट के बिना भी गिरफ्तारी कर सकेगा। विधेयक में इसे स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि किसी कर्मचारी या अधिकारी को या बल के किसी ▶▶ शेष पेज 8 पर

### खास बातें


- राज्यपाल से अनुमति मिलने के बाद लागू होगा विधेयक
- औद्योगिक और व्यावसायिक वातावरण अनुकूल बनाने की तैयारी
- संदिग्धों की पहचान से औद्योगिक परिसरों की पुख्ता होगी सुरक्षा

### औद्योगिक संस्थानों को सुरक्षा देने से होगी कमाई भी

### सरकार ने पारित कराया है विधेयक



फाइल फोटो



### नवा रायपुर में होगा मुख्यालय पौने 12 करोड़ आएगा खर्च

छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल का मुख्यालय नवा रायपुर अटलनगर में स्थापित किया जाएगा। इस बल के गठन के लिए पुलिस अधिकारियों को बल में प्रतिनियुक्ति दी जाएगी। सरकार का अनुमान है कि बल के गठन में करीब पौने 12 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं जब यह बल राज्य के औद्योगिक संस्थानों को सुरक्षा प्रदान करेगा तो उसके एवज में मिलने वाली राशि राज्य के खजाने में जाएगी।

**बिना वारंट तलाशी का अधिकार**

इस बल के पास वारंट के बिना तलाशी लेने का अधिकार भी होगा। इस संबंध में विधेयक में कहा गया है कि जब बल के किसी सदस्य को यह विश्वास करने का कारण हो कि परिनियोजन के स्थान में कोई ऐसा अपराध, जो कि धारा 9 में विनिर्दिष्ट किया गया है, कारित किया जा रहा है और अपराधी को बच निकलने या अपराध के साक्ष्य को छिपाने का अवसर दिए बिना, बिना तलाशी वारंट प्राप्त नहीं किया जा सकता है तो वह अपराधी को निरुद्ध कर सकेगा। साथ ही उस व्यक्ति के सामान की तत्काल तलाशी ले सकेगा और यदि वह उचित समझे तो ऐसे किसी व्यक्ति को, जिसके बारे में उसे यह विश्वास करने का कारण हो कि उसने अपराध कारित किया है, गिरफ्तार कर सकेगा।

देश में पहली बार हुई ऐसी घटना

# तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिलाओं पर बाघ ने किया हमला, 3 की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले से सटे महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में बाघ ने एक ही स्थान पर एक ही समय में तीन महिलाओं को मार डाला। अधिकारी ने बताया कि यह अत्यंत असामान्य हमला है। महाराष्ट्र के सिंदेवाही रेंज के वन क्षेत्र के कम्पार्टमेंट संख्या 1355 मे शनिवार अपराह्न करीब 11:30 बजे तेंदूपत्ता इकट्ठा करने गई महिलाओं पर जंगल में बाघ ने हमला कर दिया। इस घटनाक्रम में तीन महिलाओं की मौके पर मौत हो गई एवं एक गंभीर स्थिति में है। इधर, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में भी शेर के पद चिन्ह वन विभाग ने बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार एमएचः मध्य भारत के टाइगर बेल्ट में शनिवार दोपहर को एक बाघ ने एक ही हमले में तीन महिलाओं को मार डाला। यह पहली बार है, जब एक बाघ ने एक साथ इतने लोगों की जान ली है। यह घटना सिंदेवाही वन रेंज के ▶▶ शेष पेज 8 पर


### घटना सामान्य नहीं

टाइगर के द्वारा एक साथ तीन-तीन लोगों पर हमला करके उन्हें मारने की घटना सामान्य नहीं है। यह रेयर केस है, जिसमें घटना घटित हुई है। बीते रोज पानाबरस के जंगल में बाघ का पद मार्क मिला है, जिसको लेकर वन महकमा सतर्क है।

**-दिनेश पटेल,** डीएफओ, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी

अभनपुर थाना क्षेत्र की घटना

# कंटेनर में सिलेंडर ब्लास्ट, दो मजदूर जलकर हो गए कंकाल



**रायपुर/अभनपुर।** भारत माला प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण कार्य में लगे दो मजदूरों की रसोई गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक अन्य मजदूर अपने साथियों की मदद से बच गया। घटना अभनपुर थाना क्षेत्र के उरला की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम पहुंचकर जांच में जुट गई है। जिन दो मजदूरों की मौत हुई है, वे इतनी बुरी कदर जल चुके थे कि पुलिस को उनका कंकाल ही मिल पाया। घटना रविवार शाम करीब 7 बजे की है। एएसपी विवेक शुक्ला के अनुसार, सिलेंडर ब्लास्ट में मृतक मजदूरों की पहचान उत्तरप्रदेश के अमरोहा निवासी परमान ▶▶ शेष पेज 8 पर

- भारत माला प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण कार्य से जुड़े थे

### बाहर से बंद था कंटेनर

कंटेनर के अंदर 20 से 25 मजदूरों की रहने की व्यवस्था थी। घटना के समय अन्य मजदूर साइट में काम करने गए थे, अन्यथा स्थिति और भयावह हो सकती थी। पुलिस के मुताबिक, कंटेनर में रह रहे दो से तीन मजदूर बाजार सब्जी खरीदने गए थे। इसलिए उन लोगों ने कंटेनर को बाहर से बंद कर दिया था। इस वजह से कंटेनर के अंदर फंसे मजदूर बाहर नहीं निकल पाए और उनकी मौत हो गई।

जामगांव आर थाना क्षेत्र का मामला

# 14 साल की छात्रा बनी मां, 8 महीने पहले युवक ने किया था दुष्कर्म

**भिलाई।** दुर्ग जिले के जामगांव आर थाना क्षेत्र के एक गांव में 10वीं की भोली-भाली छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि एक 20 वर्षीय युवक ने उससे बहला-फुसलाकर गलत काम किया, इस बारे में छात्रा को अब भी कुछ समझ में नहीं आ रहा। घटना 8 से 9 महीने पुरानी बताई गई है। छात्रा दिशा मैदान के लिए घर से निकली थी, जिससे आरोपी नकुल साहू ने गलत काम किया। जब इस घटना की जानकारी छात्रा ने परिजनों को दी, तो मामला गांव के प्रमुख लोगों तक पहुंचा। लड़के माफी मांग ली, सभी ने बात खत्म होना समझ लिया। इस बीच, छात्रा को चक्कर आना, उल्टियां आना शुरू हो गया। आसपास के डॉक्टरों को दिखाया गया। डॉक्टरों ने बताया कमजोरी की वजह से ऐसा हो रहा है, दवा दे दी गई। छात्रा को पता ही नहीं चला कि वह गर्भवती है। इस बीच अप्रैल महीने में वह अपने मामा के घर सुकमा गई। जहां अचानक पेट में दर्द हुआ। छात्रा को अस्पताल ले जाया गया, सोनोग्राफी कराई गई। इसके बाद पता ▶▶ शेष पेज 8 पर

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

### आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नाबालिग की शिकायत पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ अनाचार, पाक्सो के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया गया है। शादी का झांसा देकर आरोपी अनाचार किया था।

**-अनूप लकड़ा,** एसडीओपी पाटन






## आईआईटी भिलाई ने बनाया बुक ट्रैकिंग सिस्टम

# अब हर पुस्तक पर क्यूआर कोड, स्कूल तक पहुंची की नहीं, कर सकेंगे ट्रैक

82 हजार से ज्यादा परियोजनाओं पर होना था काम

आलोक तिवारी ▶▶ दुर्ग

खास खबर

सरकारी स्कूलों में समय पर पाठ्यपुस्तकें पहुंचाने की पुरानी चुनौती से निपटने के लिए अब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई ने एक अभिनव पहल की है। आईआईटी के विशेषज्ञों ने बुक ट्रैकिंग सिस्टम बनाया है। जिसके माध्यम से अब प्रत्येक सरकारी पुस्तक पर एक क्यूआर कोड लगाया जाएगा, जिससे पुस्तकों की छपाई से लेकर ▶▶ शेष पेज 8 पर



### स्कैन करके इशू करा सकेंगे बुक

एप को सभी स्कूल के शिक्षक अपने आईडी के लॉग इन करेंगे। इसके बाद पुस्तक के क्यूआर कोड को स्कैन करके बुक इशू करा सकेंगे। इससे डेशबोर्ड में ▶▶ शेष पेज 8 पर

### 3 करोड़ किताबें छापे थे, इस साल ढाई करोड़ छापेंगे

पिछले साल करीब 3 करोड़ किताबें छापी गई थी। लेकिन इस साल करीब ढाई करोड़ किताबें छापी जाएगी। प्रदेश में आईआईटी भिलाई ने विद्या समीक्षा केंद्र बनाया है। प्रदेश भर में किस स्कूल में कितने बच्चे है। एक्जेक्ट डेटा इनके पास है। इसके आधार पर अब किताबें छपेगी और स्कूलों ▶▶ शेष पेज 8 पर

### मोबाइल ऐप बनाएं है, हर किताब में क्यूआर कोड

आईआईटी भिलाई ने एक मोबाइल एप बनाया है। इसके अलावा हर किताब में बार कोर्ड और यूनिक बार कोर्ड होगा। इसे स्कैन करने पर किताब कब कहां छपी, किस पब्लिसर की है, ऐसी पूरी जानकारी होगी। यूनिक बार कोर्ड जो हर किताब में अलग-अलग होगा, इसे स्कैन ▶▶ शेष पेज 8 पर

11- MAY- COR- MAIN- Pg- 4 SAMPADKI_Layout 1 5/11/2025 10:06 PM Page 1



चिंतन

# आतंकवाद से निपटने का तरीका भारत का अपना हो

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम हुआ, यह एक स्वागत योग्य मूव है, लेकिन इसकी टाइमिंग और जिस तरह से इसका ऐलान हुआ, वह किसी भी भारतीय को पच नहीं रहा है। भारतीय सैनिक पाकिस्तान को करारा जवाब दे रहे थे, सेना का जोश हाई पर था, लेकिन अचानक खबर आई कि भारत और पाकिस्तान सीजफायर पर सहमत हो गए। कमाल की बात है कि भारत व पाकिस्तान से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ट्रू सोशल अकाउंट से ऐलान किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर पर सहमति बन गई है। इसके बाद भारत और पाकिस्तान की ओर से संबंधित अधिकारियों ने संघर्ष विराम के बारे में ऐलान किया। हालांकि पाकिस्तान ने इस ऐलान का पालन चार घंटे भी नहीं किया, सीजफायर तोड़ दिया व सीमा पार से गोलीबारी शुरू कर दी। इसलिए अब विपक्षी सवाल उठा रहे हैं कि आखिर ऐसी क्या बात हुई कि मजबूत स्थिति के बावजूद सरकार सीजफायर पर सहमत हुई, जब मामला द्विपक्षीय है तो अमेरिका ने ऐलान क्यों किया? क्या सरकार ने कश्मीर मुद्दे पर अमेरिकी मध्यस्थता स्वीकार कर ली है? चूंकि भारत कश्मीर को द्विपक्षीय मसला मानता है और किसी भी मध्यस्थता से इनकार करता रहा है, ऐसे में संघर्ष विराम को लेकर अमेरिका का पहले ऐलान करना भारत में लोगों को अचरज में डाल रहा है। सरकार की तरफ से यह भी कहा गया है कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की करतूतों के सबूत भारत संयुक्त राष्ट्र में दुनिया के सामने रखेगा, इस ऐलान पर भी कांग्रेस का सवाल है कि क्या सरकार कश्मीर मुद्दे को फिर से यूएन ले जा रहा है? सरकार को बहुत सोच-समझ कर, आवाम के सेंटिमेंट को देखकर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के अंतहीन खतरे के आईने में ही कोई फैसला करना चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश आक्रोश में था और लोग चाहते थे कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ कड़ा एक्शन ले, सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर करके पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया और पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया कि भारत की कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ है, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं। हालांकि पाकिस्तान को यह बात समझ नहीं आई और वह आतंकवाद के खिलाफ भारत के एक्शन को अपने खिलाफ मान लिया और एलओसी पर नागरिकों को निशाना बनाकर भारी गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया गया। पाकिस्तानी फौज ने भारत के करीब 15 सैन्य ठिकानों पर मिसाइल व ड्रोन से हमले शुरू कर दिया। भारत ने सभी हमले नाकाम कर दिए। अब तक सरकार और सेना की ओर से जो भी कार्रवाई की गई है, सभी शानदार है, पाकिस्तान को सबक सिखाया गया है, लेकिन यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को अंजाम तक ले जाने के लिए काफी नहीं है। भारत के पास शानदार मौका है आतंकवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का, इसमें विलंब से आगे नुकसान संभव है। बेशक ऑपरेशन सिंदूर जारी है, पर पाकिस्तान कहीं से भी भरोसेमंद नहीं है, वह आगे आतंकवाद को प्रायोजित करता रहेगा, न ही अमेरिका जैसे किसी तीसरे देश की भारत को जरूरत है। भारत अपने दम पर आतंकवाद का मुकाबला कर सकता है। यह ठीक है जंग, समस्या का समाधान नहीं है, लेकिन सैन्य कार्रवाई से वार्ता के टेबल पर आने का एक व्यवहारिक व सम्मानजनक तरीका होना चाहिए। आतंकवाद व उसके प्रायोजक के खिलाफ कूटनीतिक व सैन्य एक्शन का तरीका भारत का अपना होना चाहिए।

# पूर्ण विराम बिना ही संघर्ष विराम!



आतंकवाद
राज कुमार सिंह

बेशक पहलगाम हमले की जवाबी कार्रवाई के रूप में किए ऑपरेशन सिंदूर के बीच पाक सेना की हिमाकत पर भारतीय सेना ने उसे लंबे समय तक याद रहने वाला सबक सिखाया है, लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं कि पैदाइशी शैतान, इस अचानक संघर्ष विराम से संत बन जाएगा। पाकिस्तान के सैन्य ऑपरेशन महानिदेशक द्वारा अपने भारतीय समकक्ष को फोन पर हुई बातचीत के बाद संघर्ष विराम के संदर्भ में भारत सरकार कह रही है कि हमने नीतिगत रूप से स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा, जिसका भारत जोरदार जवाब देगा, पर पाक की ओर से ऐसा कोई बयान नहीं आया कि वह भारत विरोधी गतिविधियों का केंद्र नहीं रहेगा।

चार दिन में ही पाक को घुटनों पर ला देने के बावजूद अचानक संघर्ष विराम की असली वजह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और वहां के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ही जानते होंगे। संभव है, इस संघर्ष विराम का श्रेय लेने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके विदेश मंत्री मार्को रूबियो भी जानते हों, पर यह अतीत से हमारे कोई सबक न सीखने का संकेत भी है। 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या पाक प्रायोजित आतंक की पहली घटना नहीं थी। उससे पहले भी पुलवामा और उरी पर आतंकी हमले हुए। हर बार हमने जवाबी कार्रवाई तो की, पर आतंक का समूल नाश नहीं किया। अगर किया होता तो फिर वैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होती।

बेशक पहलगाम हमले की जवाबी कार्रवाई के रूप में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बीच पाक सेना की हिमाकत पर भारतीय सेना ने उसे लंबे समय तक याद रहने वाला सबक सिखाया है, लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं कि पैदाइशी शैतान, इस अचानक संघर्ष विराम से संत बन जाएगा। पाकिस्तान के सैन्य ऑपरेशन महानिदेशक द्वारा अपने भारतीय समकक्ष को फोन करने पर हुई बातचीत के बाद हुए संघर्ष विराम के संदर्भ में भारत सरकार कह रही है कि हमने नीतिगत रूप से स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा, जिसका भारत जोरदार जवाब देगा, पर पाकिस्तान की ओर से ऐसा कोई बयान नहीं आया है कि भविष्य में वह भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों का केंद्र नहीं रहेगा।

दरअसल दोनों देशों के सैन्य कार्रवाई महानिदेशकों के बीच फोन पर बातचीत के बाद संघर्ष विराम के भारतीय दावे के उलट पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तो 10 मई की रात अपने संबोधन में संघर्ष विराम के लिए बाकायदा अमेरिकी राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। और भी चिंताजनक बात यह कि जिस पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर को पहलगाम हमले के जरिये भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों को रफ्तार देने के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है, उसे भी शहबाज शरीफ ने धन्यवाद दिया। क्या शहबाज, ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में भारतीय सेना द्वारा पाक और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने पर अपनी सेना की युद्धनुमा हिमाकत को जायज ठहरा रहे हैं?

इस पूरे प्रकरण में पाक सरकार और सेना तथा खुद सेना के अंदर मतभेदों की खबरें भी आ रही हैं, पर यह पाकिस्तान का आंतरिक मामला है, जिसे उसे ही सुलझाना होगा। यह आतंकी गतिविधियों के लिए सेना को ही खलनायक ठहरा कर पाक हुक्मरानों की खुद को पाक-साफ बताने की चाल भी हो सकती है। यह सच है कि पाकिस्तान में लोकतंत्र अक्सर सेना के शिकंजे में सांसें लेता नजर आता है। 1999 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दोस्ती का पैगाम लेकर बस से लाहौर गये थे, तब उनके पाक प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से गले मिलते हुए ही पाक सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ ने कागरिल घुसपैठ के रूप में



भारत की पीठ में छुरा घोंप दिया था। तब भी भारत से संबंधों के सवाल पर पाक सरकार और सेना में गहरे मतभेदों की खबरें आयी थीं, जिनकी अंतिम परिणति मुशर्रफ द्वारा शरीफ सरकार के तख्तापलट के रूप में हुई थी। पाक के वर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उन्हीं नवाज शरीफ के भाई हैं और मौजूदा सेना प्रमुख मुनीर जेहादी मानसिकता के चलते, मुशर्रफ से भी ज्यादा खतरनाक माने जाते हैं।

ऐसे में चार दिनों में ही भारतीय सेना ने जिस पाक सेना को घुटनों पर ला दिया था, क्या उसे इस संघर्ष विराम से जीवनदान ही नहीं मिल जायेगा? बेशक ऑपरेशन सिंदूर में पांच बड़े आतंकियों समेत लगभग 100 आतंकवादियों तथा जैश और लश्कर सरीखे खतरनाक संगठनों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर देना हमारी सेना की बड़ी उपलब्धि है, पर भारत विरोधी मजहबी मानसिकता वाले पाकिस्तान में आतंकी ढांचा बनाने और आतंकियों की भर्ती में कितना समय लगता है? फिर अब तो चीन, तुर्की, अजरबैजान और बांग्लादेश भी भारत विरोधी साजिशों में उसके साथ हैं। अतीत का अनुभव भी बताता है कि सुधरने वाले की उम्मीद में पाकिस्तान पर विश्वास करना बहुत महंगा पड़ता है। आखिरकार उड़ी हमले पर जवाबी सर्जिकल स्ट्राइक के बाद पुलवामा पर हमला हुआ ही। पुलवामा के जवाब में बालाकोट एयर स्ट्राइक के बाद भी पहलगाम की बैसरन घाटी में पर्यटकों पर आतंकी हमला किया ही गया। पहलगाम हमले के बाद सरकार ने सिंधु जल संधि और पाकिस्तानी नागरिकों को जारी वीजा रद करने समेत कुछ कदम तत्काल उठाये, लेकिन उसके बाद चलती रही उच्च स्तरीय बैठकों से अर्थ निकाला गया कि इस बार भारत कुछ बड़ा करेगा, ताकि पाकिस्तान का स्थायी इलाज हो सके। ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तानी सेना की हिमाकत का जोरदार जवाब देते हुए भारतीय सेना ने जिस तरह चार दिन में ही उसके रक्षा तंत्र की कमर तोड़ दी, उसने इस नापाक पड़ोसी पर निर्णायक प्रहार के लिए अनुकूल अवसर भी उपलब्ध कराया था। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में जारी बगावत पाकिस्तान को उसके अंजाम तक पहुंचाने का बेहतर मौका दे रही है, लेकिन अचानक संघर्ष विराम ने सब कुछ बदल दिया। बेशक भविष्य में आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई मानने की भारत की नीति अर्थपूर्ण है, पर बार-बार पिट कर भी न सुधरने वाले पाकिस्तान सरीखे धूर्त के लिए इसके ज्यादा मायने होंगे नहीं।

वह संघर्ष विराम से मिली मोहलत का इस्तेमाल भारत विरोधी चौतरफा तैयारियों के लिए कर फिर उठ खड़ा होगा। भारत से चार बार बुरी तरह युद्ध हार चुका पाकिस्तान प्रत्यक्ष युद्ध में नहीं जीत सकता, यह सच बहुत पहले उसके जनरल जिया उल हक ने स्वीकार कर लिया था। इसीलिए पाकिस्तान ने अलगाववाद और आतंकवाद के रूप में लंबे अप्रत्यक्ष युद्ध की रणनीति अपनायी। मजहब के आधार पर बना पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी बन कर एक नाकाम देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में शांति और सौहार्द के लिए खतरा बन चुका है। पाकिस्तानी हुक्मरान जैसी भाषा बोल रहे हैं, वह सेना के बढ़ते दबदबे और कमजोर होते लोकतंत्र का भी प्रमाण है। इन सब हालातों के मद्देनजर भारत को अब यह समझ लेना चाहिए कि एक बार फिर पाकिस्तान का नक्शा बदले बिना वह शांति और सौहार्द से नहीं रह सकता। आतंकियों के जनाजे में पाक फौजी तथा सरकारी फूल वहां की हकीकत बयां करने के लिए काफी हैं। हमने आतंकी सांप को उसकी पूंछ दबा कर ही छोड़ दिया है, जबकि जरूरत फन कुचलने की थी। कहते भी हैं कि घायल सांप ज्यादा खतरनाक होता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

दो टूक
डा. चन्द्र त्रिखा



# अब हम लिखेंगे नई इबारत

अब कोई गुंजायश नहीं बची। कोई विकल्प नहीं। न कोई शिमला-समझौता, न कोई ताशकंश। हालात पल-पल में बदल रहे हैं। इस आलेख के 'प्रिंट' में जाने तक भी बहुत कुछ घट चुका होगा। इस पड़ोसी दुश्मन को तो यह भी पता नहीं कि उसकी जेब खाली है और पेट के लिए भी सिर्फ चार-छह दिनों का राशन है। उसके बाद पाक स्थित गुरुद्वारों का लंगर! उधार या मुफ्त मिले हथियारों से आखिर कितने दिन विश्व के नक्शे पर बचा रह पाएगा यह देश? मेरा एक सहयोगी बतला रहा था- सर, हमने जहां नोटबंदी देखी, लॉकडाउन से निपटे और क्रूर कोरोना को निपटाया, तो फेर इसतै भी निपट ल्यांगे, 'बाजण दयो नै लट्ठ'। ज़ाहिर है अभी 'पाकिस्तान के टुकड़े होंगे/इन्शा अल्लाह-इन्शा अल्लाह'। एक टुकड़ा 1971 में टूटा था, अब तीन और टूटने वाले हैं। बलोचों ने तो नया झंडा व अपना नक्शा भी तैयार कर लिया है। पख्तून उनसे भी पहले कमर कसे बैठे हैं। इनसे निपटे तो 'सरायकिस्तान' की सुगबुगाहट शुरू हो जाएगी। मज़हबी जुनून व खून के छटे दरिया के मुहाने पर बसाया गया यह देश चैन की नींद कैसे सो सकता है, जहां के फौजी, जरनैल एक खूंखार आतंकी के ताबूत को भी अपने कौमी झंडे में लपेटकर कंधा देते हैं और फिर कब्र में लिटाकर उलटे हथियारों से अंतिम सलामी देते हैं। नक्शे में बदलाव कैसे आएगा, यह तो नहीं मालूम। मगर यह पड़ोसी न तो यकीनन बाबा गुरु नानक, न बाबा फरीद और न ही वारिस शाह की विरासत के काबिल है। कितनी बड़ी त्रास्दी है कि हमारे शहीदे आज़म भगत सिंह ने इसी मुल्क में पहली बार आंख खोली थी और और इसी मुल्क में फांसी को चूमा था। यदि इस पड़ोसी मुल्क को विश्व के मानचित्र पर बने रहना है तो यहां के लोगों को अपने ही फौजी अगुवाओं के खिलाफ आवाज़ उठानी होगी। पिछले 78 वर्षों में पाक ने पांचवीं बार हम पर यह युद्ध थोंपा है। वर्ष 1948, 1965 और 1971 के इलावा भी कारगिल सरीखी विजय-गाथाओं की इबारत हमारे सैनिकों व नागरिकों ने अपने खून से लिखी है। इस बार भी वही होगा, जो पहले चार बार हुआ है। मगर हर बार हमने अंतरराष्ट्रीय दबावों तले इस पड़ोसी को 'प्राण दान' दिया है। इस बार शायद नहीं दे पाएंगे। ज़ाहिर है कि वर्तमान पाकिस्तान तीन या चार टुकड़ों में बंटेगा। एक लम्बी 'प्राक्सी वार' व अघोषित युद्ध के बावजूद हमने विकास व आत्मनिर्भरता का अलाव जलाए रखा है। इन्हीं के अल्लामा इकबाल ने कहा था, 'कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी'। अब हमें समझ आ गया है कि हमारी 'हस्ती' का आधार आत्मनिर्भरता व विकास के संकल्प हैं। हम तो पांचवीं बार भी इस नापाक की नापाक साज़िशों से मुक्ति पाने में सफल रहेंगे, मगर पड़ोस में जो बचेगा, वो क्या होगा, कैसा होगा, यह अभी तय नहीं है। यह वर्ष 2000 की बात है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भारतीय उपमहाद्वीप की यात्रा पर आए थे। उन्होंने एक बात कही थी, मगर पाकिस्तान उसे आज तक नहीं समझा। उन्होंने तब कहा था, 'जो राष्ट्रीय सीमाएं खून से बनती हैं, उन्हें आप दोबारा नहीं बना सकते।' वहीं विदेश मंत्री के रूप में यात्रा पर आई हिलेरी क्लिंटन ने साफ-साफ कहा था कि 'आप अपने घर के पिछवाड़े सांप पालेंगे और सोचेंगे कि सांप सिर्फ पड़ोसी को ही काटेगा, तो यह संभव नहीं है।' अन्य कई देशों व विदेशी गुप्तचर एजेंसियों ने भी समय-समय पर पाकिस्तान के शासकों को बताया था कि जो दहशतगर्दों के कैंप आपके यहां हैं, इसका फायदा आपको होने वाला नहीं है। यही आतंकी पाकिस्तान पर भी अटैक करते हैं। कितने ऐसे हमले वहां होते रहते हैं। कभी शिया के विरोध में तो कभी किसी मस्जिद पर ही हमला हो जाता है। वैसे पाकिस्तान के लिए यह बहुत अच्छा मौका है। जो काम करने की उसमें हिम्मत नहीं थी, वह भारत ने कर दिखाया। उनके देश में डेरा डाले आतंकियों के नौ ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। बाकी जो बचे हैं, आप खुद खत्म कर दीजिए। हमारा आपसे कोई झगड़ा नहीं है। झगड़ा बस इस बात का है कि आप हमारी संसद पर आक्रमण करते हैं। 2008 में मुंबई पर हमला करते हैं। पाकिस्तान अपने यहां बसे आतंकवाद को खत्म कर दे तो भारत से उसका रिश्ता बहुत अच्छा हो सकता है। अब सवाल ढेरों हैं जिनका जवाब सिर्फ पाकिस्तान को नहीं तलाशना, हमें भी उन सवालों पर सोचना है। तो क्या फिर कोई शिमला या ताशकंद मसविदा हमारे सामने आएगा? ये सभी प्रश्न हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने उठे होंगे? ज़ाहिर है ऐसे सवालों के जवाब 'रेडीमेड' नहीं होते। फिलहाल स्थितियां ये हैं कि हम इस नापाक पड़ोसी को नेस्तनाबूद तो शायद नहीं कर पाएंगे? यदि इसको लंगड़ा-लूला बना भी देंगे तो क्या ऐसा टूटा-फूटा देश अपने लिए नए सहारों, नई कठौतियों की तलाश नहीं करेगा? ये कठौतियां 'मेड इन चाइना होंगी' या 'मेड इन अमेरिका' या 'मेड इन तुर्किए'? पाकिस्तान तो कठौतियों के मामले में भी आत्मनिर्भर नहीं बन पाया।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मसतिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता।


## दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान है



संकलित
प्रेरणा

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मां में देख सकते हैं ईश्वर का रूप

मां का छोटा-सा शब्द अपने भीतर भावनाओं का महासागर समेटे है। मां केवल जन्मदात्री नहीं होती, वह जीवन की प्रथम शिक्षिका, प्रथम मित्र और प्रथम मार्गदर्शिका भी होती है। जब एक शिशु पहली बार रोता है, तो मां अपनी गोद और अपने स्पर्श से उसे पहली सुरक्षा देती है। मां की गोद ही बच्चे का पहला आश्रय बनती है। मां के लिए वैदिक और पौराणिक काल के ग्रंथों ने जो कहा है, वो आज भी यथावत है। वेदों ने मां को मानव जीवन में सबसे ऊंचा स्थान दिया है। वेदों से संहिताओं तक, वाल्मीकि रामायण से महाभारत तक, सारे ग्रंथों ने निर्विवाद रूप से माता को ही देवताओं से भी ऊपर माना है। जब शब्द कम पड़ जाते हैं और भावनाएं उमड़ने लगती हैं, तब मन अचानक ही मां को याद करता है। 11 मई को मदर्स डे पर मां की महती भूमिका को स्वीकार करने की जरूरत है।

*- ममता वैष्णव, धमतरी*

## करंट अफेयर

### भारतीय रॉकेटों का इस्तेमाल करने इच्छुक अमेरिकी कंपनी



अगले साल दुनिया का पहला वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की योजना बना रही अमेरिकी कंपनी 'वास्ट' ने चालक दल के सदस्यों को कक्षीय प्रयोगशाला में पहुंचाने के लिए भारतीय रॉकेटों का उपयोग करने में रुचि दिखाई है। 'वास्ट' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मैक्स होट ने यहां वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन के अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नेतृत्व दल से मुलाकात की और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में संभावित सहयोग पर चर्चा की। यह अंतरिक्ष-आवासन कंपनी एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की दौड़ में है जो मौजूदा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का अगला संस्करण होगा। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का कार्यकाल 2031 तक है। कैलिफोर्निया स्थित यह कंपनी मई 2026 में 'स्पेसएक्स फाल्कन 9' रॉकेट पर एकल-मॉड्यूल अंतरिक्ष स्टेशन हेवन-1 लगाने की योजना बना रही है। होट ने बताया, 'फिलहाल, हम मई 2026 के लिए अपने लॉन्च की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।' अगले साल जुलाई तक अंतरिक्ष यात्रियों को कक्षीय प्रयोगशाला में भेजने से पहले, वास्ट की इस अंतरिक्ष स्टेशन पर कई परीक्षण करने की योजना है। हेवन-2 एक बहुत बड़ा अंतरिक्ष स्टेशन होगा।

## ऑफ बीट

### लाफिंग गैस के निरंतर उपयोग से मौत संभव



अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन अमेरिकी नागरिकों को मनोरंजन के लिए नाइट्रस ऑक्साइड उत्पादों के लगातार बढ़ते और संभावित रूप से घातक उपयोग के बारे में चेतावनी दे रहा है, विशेष रूप से युवाओं के बीच। नाइट्रस ऑक्साइड को आमतौर पर लाफिंग गैस कहा जाता है। 'गैलेक्सी गैस' और 'मियामी मैजिक' जैसे नामों से बेचे जाने वाले ये उत्पाद सस्ते हैं और गैस स्टेशन, बड़े किराना स्टोर और वॉलमार्ट सहित प्रमुख खुदरा दुकानों पर आसानी से उपलब्ध हैं। इन्हें ऑनलाइन भी बेचा जाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य मामलों के सहायक प्रोफेसर के रूप में इन उत्पादों का अध्ययन करने के चलते मैं जानता हूं कि ये कितने खतरनाक हो सकते हैं। लाफिंग गैस का मनोरंजन के लिये या अन्य वजहों से निरंतर उपयोग कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, और कुछ मामलों में मृत्यु भी हो सकती है। संभावित नुकसान की एक लंबी सूची : लाफिंग गैस के बार-बार इस्तेमाल से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों की सूची लंबी है। इसमें स्मृति हानि, मतिभ्रम, सिरदर्द, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, रक्त के थक्के, अंगों की कमजोरी, चलने में परेशानी, आंत्र या मूत्राशय की समस्या, रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्या और मस्तिष्क क्षति शामिल हैं।

## ट्रेंड

### प्रौद्योगिकी दिवस की बधाई



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर शुभकामनायें। यह हमारे वैज्ञानिकों के प्रति गर्व और कृतज्ञता व्यक्त करने और 1998 के पोखरण परीक्षणों को याद करने का दिन है। वे हमारे देश के विकास पथ में एक ऐतिहासिक घटना थी, खासकर आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी खोज में।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### हमारी जिम्मेदारी



मैंने असम सरकार के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे राज्य के प्रत्येक जवान के परिवार से संपर्क करें। हमारी सेना देश के लिए लड़ रही है, और उनके परिवारों की देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है।

-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम


### 'माँ' को नमन



नमन उस आदि शक्ति को, जिसे हम श्रद्धा से 'माँ' कहते हैं। आज मातृदिवस के अवसर पर हम उस ममता, धैर्य और त्याग को प्रणाम करते हैं, जिसने हमें जन्म दिया, चलना सिखाया और हर संघर्ष में हमारी सबसे मजबूत ढाल बनकर खड़ी रही।

-रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली

### जय हिंद



यह भारत का उसूल है- न हम किसी को पहले छेड़ते हैं, न ही बाद में किसी को छोड़ते हैं। हम 140 करोड़ लोग चट्टान की तरह अपनी सेना के साथ खड़े हैं। मेरा छोटा सा संदेश.... जय हिंद।

-राघव चड्ढा, सांसद, आप

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

11- MAY- HARIBHOOMI_Layout 1 5/11/2025 11:31 PM Page 1



## योजना व कार्यपरक शैली के लिए कोल इंडस्ट्री में हरीश दुहन की विशेष पहचान

योजना व कार्यपरक शैली के लिए कोल इंडस्ट्री में एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन विशेष पहचान रखते हैं। सीएमडी दुहन कोल इंडिया के दूसरे कोल कंपनियों में भी कई पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। कोयला खनन क्षेत्र में उनके पास 34 वर्षों का लंबा अनुभव भी है। सीएमडी दुहन ने साल 1989 में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से कोल इंडिया लिमिटेड में अपनी सेवाओं की शुरुआत की। नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग में स्नातक एसईसीएल के सीएमडी दुहन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में निदेशक तकनीकी (संचालन) पद पर सेवाएं दे चुके हैं। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना में एरिया जनरल मैनेजर और कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट प्लानिंग विभाग के जीएम रह चुके हैं। सीएमडी दुहन को पर्यावरण अनुकूल फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन, डिजिटलीकरण और सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास में खास अनुभव भी रखते हैं। एसईसीएल के अफसर-कर्मियों को भरोसा है कि उनके नेतृत्व में कोल कंपनी नई ऊंचाइयों को हासिल करेगी। साथ ही ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

**दूसरे कोल कंपनियों में कई पदों पर दे चुके सेवाएं, कोयला खनन क्षेत्र में 34 वर्षों का लंबा अनुभव, डब्ल्यूसीएल से की थी सेवाकाल की शुरुआत**





# कोयला उद्योग के लिए भूमि ही सबसे महत्वपूर्ण संसाधन

**एसईसीएल सीएमडी श्री हरीश दुहन के साथ**
**विशेष बातचीत**



**प्रश्न : सबसे पहले तो आपको एसईसीएल का सीएमडी बनने की हार्दिक शुभकामनाएं। आप देश की ऊर्जा सुरक्षा में एसईसीएल की भूमिका को कैसे देखते हैं?**

● **श्री हरीश दुहन:** आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। एसईसीएल देश की ऊर्जा सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ है। आज भी भारत की 70% बिजली कोयले पर आधारित है। हमारी सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। देश में विकास की बढ़ती रफ्तार और तेजी से हो रहे औद्योगिक विकास की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में कोयला उद्योग की अहम भूमिका रहेगी।

भारत ने पिछले वित्त वर्ष 24-25 में एक बिलियन टन कोयला उत्पादन की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

एसईसीएल आज देश की दूसरी सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी है और देश के कुल कोयला उत्पादन में हमारी खदानों की हिस्सेदारी लगभग 16% है। हमारी गेवरा खदान आज दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कोयला खदान के रूप में जाना जाती है, जबकि दीपका और कुसमुंडा भी देश की टॉप कोल माइंस में शामिल है। हमारे पास कई अवसर हैं और इन अवसरों को भुनाने की क्षमता भी हमारी टीम में है। इस वर्ष कंपनी को 212 मिलियन टन कोयला उत्पादन और 220 मिलियन टन कोयला डिस्पैच का लक्ष्य मिला है, हमारी पूरी टीम इसमें जुटी हुई है और मुझे पूरा विश्वास है कि हम इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे।

**प्रश्न : कोयला परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण की चुनौती को लेकर आपकी रणनीति क्या होगी?**

● **श्री हरीश दुहन:** कोयला उद्योग के लिए भूमि ही सबसे महत्वपूर्ण संसाधन है। हमारी पहली प्राथमिकता **पारदर्शिता को बढ़ावा देते हुए** भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज करना है। **हम लम्बित प्रकरणों को तेजी से सुलझाने की दिशा में काम करेंगे। इन सबके लिए** हम राज्य सरकारों के साथ समन्वय को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। माननीय केंद्रीय कोयला मंत्रीजी के हालिया दौरे के दौरान माननीय मुख्यमंत्रीजी एवं राज्य शासन के प्रमुख सचिवों के साथ सकारात्मक चर्चाएं हुई हैं। हाल ही में कुसमुंडा मेगाप्रोजेक्ट में 42 हेक्टेयर भूमि का पजेशन(भौतिक अधिग्रहण) हमें मिल गया है।

इसके साथ ही हम अपने संचालन जिलों में कलेक्टर एवं अन्य उच्च अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें कर भू-अधिग्रहण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी, तेज और पारदर्शी बनाने के लिए समन्वित प्रयास कर रहे हैं।

हम स्थानीय समुदायों से संवाद बढ़ाकर उन्हें अपनी विकास योजनाओं में भागीदार बनाने की दिशा में भी प्रयासरत हैं। हाल ही में सूरजपुर जिले में 'स्नेह मिलन मेला' का आयोजन इसी दिशा में एक सफल पहल रही, जिसमें प्रबंधन, खनिकों, उनके परिवारों एवं आसपास के ग्रामवासियों को पारिवारिक माहौल में साथ आने का अवसर दिया।

भू-स्वामियों को रोजगार देने के साथ-साथ उनके त्वरित पुनर्वास और पुनर्स्थापन (**rehabilitation & resettlement**) की दिशा में भी हम लगातार कार्य कर रहे हैं। हाल ही में भटगांव क्षेत्र की महामाया ओपनकास्ट परियोजना के अंतर्गत 86 भू-स्वामियों को रोजगार प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2024-25 में एसईसीएल द्वारा रिकॉर्ड 807 लोगों को भू-अधिग्रहण के एवज में रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

**प्रश्न : उत्पादन के साथ गुणवत्ता भी उतनी ही जरूरी है। गुणवत्ता सुधार के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?**

● **श्री हरीश दुहन:** हमारे लिए उपभोक्ताओं का हित सर्वोपरि है। ग्रेड स्लिपेज को कम करने तथा ग्रेड कन्फर्मेशन को बढ़ाने के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं जिससे उपभोक्ताओं को अपेक्षा अनुरूप कोयला मिल सके।

**हमारा ज़ोर क्वालिटी युक्त (-)100 MM कोल डिस्पैच पर है। हमलोग फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी(एफएमसी) के ज़रिए कोयले के प्रेषण को लगातार बढ़ावा दे रहे हैं। गत वर्ष कुल रेल डिस्पैच का लगभग 40 प्रतिशत कोयला एफएमसी के ज़रिए भेजा गया जिसे आगे और बढ़ाया जा रहा है।**

एसईसीएल में कोयले की गुणवत्ता और उत्पादन प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। कोयले की गुणवत्ता की निगरानी के लिए मॉनिटरिंग सिस्टम को और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है, और इसके लिए एक ऑनलाइन पोर्टल की भी शुरुआत की गई है।

इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। पिछले साल अप्रैल में ग्रेड कन्फर्मेशन 68% था जोकि इस वर्ष बढ़कर 75% हो गया है और इस वर्ष इसे 85% तक ले जाने का हमारा लक्ष्य है।

साथ ही, थर्ड पार्टी एजेंसियों एवं सैंपलिंग एजेंसियों के माध्यम से कोयले की नियमित जांच की जा रही है। कर्मचारियों को गुणवत्ता और संवेदनशीलता को लेकर प्रशिक्षण और कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं।

हमारा मानना है कि गुणवत्ता में सुधार से एसईसीएल की विश्वसनीयता और ब्रांड वैल्यू और भी सशक्त होगी और हमारे उपभोक्ताओं का विश्वास भी बढ़ेगा।

**प्रश्न : एसईसीएल अपने सीएसआर कार्यों के माध्यम से कोयलांचल के लोगों के जीवन में किस प्रकार का बदलाव ला रहा है?**

● **श्री हरीश दुहन:** एसईसीएल सीएसआर के माध्यम से कोयलांचल क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा दे रहा है। पिछले 10 वर्षों में एसईसीएल ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर 850 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जिससे न केवल सामाजिक संरचना को मजबूती मिली है, बल्कि लाखों ज़िंदगियों में बदलाव आया है।

"एसईसीएल के सुश्रुत" योजना के अंतर्गत कोयलांचल के होनहार छात्रों को मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट) की निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान की जा रही है। **ये छात्र बीपीएल श्रेणी से, आदिवासी बहुल क्षेत्रों, सुदूर कोयलांचल के गाँवों से आ रहे हैं।** इस योजना के पहले बैच में उल्लेखनीय सफलता मिली है, जहां 40 में से 39 विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है और अब ये प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थानों में प्रवेश लेकर अपने डॉक्टर बनने के सपने को साकार करने की दिशा में अग्रसर हैं।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय पहल 'धड़कन' योजना जन्मजात हृदय दोषों से पीड़ित बच्चों के लिए आशा की किरण बनकर उभरी है। **कोयलांचल क्षेत्रों को प्रमुखता देते हुए राज्य के अलग अलग हिस्सों में जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं।** संसाधनों की कमी और आर्थिक अभाव के कारण जिन परिवारों के लिए इलाज कराना संभव नहीं था, एसईसीएल ने उनकी जिम्मेदारी उठाई है। अब तक 100 से अधिक बच्चों की निःशुल्क सर्जरी सफलतापूर्वक करवाई जा चुकी है । **ये बच्चे ऑपरेशन के बाद सामान्य ज़िंदगी जीने में सक्षम हैं।** आगामी लक्ष्य 300 बच्चों की सर्जरी का है।



युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी एसईसीएल अग्रसर है। स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से विशेषकर महिलाओं, कमजोर वर्गों तथा अनुसूचित जाति/जनजाति समुदायों के युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण (**job-oriented training**) दिया जा रहा है। इस दिशा में कंपनी ने विशेष प्रयास किया है और अब तक 1100 से अधिक युवाओं को विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षित कर उन्हें स्वरोजगार या रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं।

आने वाले समय में, कोलफ़ील्ड एरिया के बेरोज़गार युवकों के लिए स्किल बेस्ड ट्रेनिंग, छात्रों के लिए निशुल्क आईआईटी व सीएलएटी परीक्षा एंट्रेंस की तैयारी, कोयलांचल के स्कूलों में पीएम 'पंच तत्व' से प्रेरित स्मार्ट क्लास, पेयजल सुविधा, मेन्स्ट्रूअल हायजिन, सोलर पैनल, पोषण युक्त आहार आदि की सहायता आदि कदम सीएसआर के तहत उठाए जा रहे हैं ।

**प्रश्न : एक कोयला कंपनी होते हुए भी आप पर्यावरण-संरक्षण और सतत खनन को कैसे संतुलित करते हैं?**

● **श्री हरीश दुहन:** एसईसीएल अपने कोयला खनन कार्यों को पर्यावरण के अनुकूल और सुरक्षित बनाने के लिए लगातार नई तकनीकों का इस्तेमाल कर रही है। ओपन कास्ट खदानों में बिना ब्लास्टिंग कोयला उत्पादन के लिए सरफेस माइनर और ओबी हटाने के लिए रिपर मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। भूमिगत खदानों में कंटीन्यूअस माइनर से पर्यावरण-हितैषी एवं सुरक्षित कोयला खनन संभव हुआ है।

इसके साथ ही एसईसीएल हर साल बड़े पैमाने पर पौधारोपण भी कर रही है। वित्त वर्ष 24-25 में हमने छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में 13 लाख से अधिक पौधे लगाए हैं। कंपनी अपने स्थापना से अब तक 3 करोड़ से अधिक पौधे लगा चुकी है । हम नई तकनीकों जैसे मियावाकी प्लांटेशन को भी बढ़ावा दे रहे हैं जिससे कम समय में हीं ग्रीन कवर तैयार हो जाता है ।

हरित परिवहन (**Green Mobility**) को बढ़ावा देने और कंपनी के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के उद्देश्य से हमने हाल ही में 12 इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरुआत की गई है और इसे मिलाकर वर्तमान में एसईसीएल द्वारा 60 इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रयोग किया जा रहा है।

**प्रश्न : पेस्ट फिल तकनीक को अपनाने वाली आप पहली कोल PSU बन रही है। यह तकनीक किस तरह क्रांतिकारी है?**

● **श्री हरीश दुहन:** पेस्ट फिलिंग अंडरग्राउंड माइनिंग की एक उन्नत तकनीक है। दुनिया के कई देशों जैसे चीन, साऊथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया में इस तकनीक का उपयोग का हो रहा है लेकिन हमारे यहाँ अभी भी इस तकनीक का प्रयोग काफी सीमित है।

एसईसीएल देश का पहला कोल पीएसयू है जो इसका उपयोग करने जा रहा है। इस तकनीक में खदान से कोयला निकालने के पश्चात खाली जगह को विशेष पेस्ट से भरा जाता है।

यह पेस्ट फ्लाई ऐश, ओपनकास्ट खदानों से प्राप्त क्रश्ड ओवरबर्डन, सीमेंट, आदि से तैयार किया जाता है। **इस तकनीक का प्रयोग लाभकारी ढंग से ऐसी जगह किया जाता है जहाँ उच्च क्वालिटी का कोयला मौजूद है किंतु सतह पर घनी आबादी क्षेत्र होने, भूमि धँसने का ख़तरा होने या भूमि अधिग्रहण की चुनौती होने के कारण भूमिगत खदान से कोयला नहीं निकाला जा सकता था।**

इसके अलावा, इस तकनीक में औद्योगिक अपशिष्टों का पुनः उपयोग किया जाता है, जिससे यह पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होती है।

एसईसीएल द्वारा कोरबा क्षेत्र अंतर्गत सिंघाली भूमिगत कोयला खदान में इस तकनीक का प्रयोग करने के लिए हमने हाल ही में समझौता किया है।

**प्रश्न : एसईसीएल की रेल कॉरिडोर परियोजना की प्रगति के बारे में कुछ बताएं?**

● **श्री हरीश दुहन:** कोयला उत्पादन और प्रेषण के क्षेत्र में विस्तार के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास अत्यधिक महत्वपूर्ण है। **PM Gatishakti** योजना के अंतर्गत, एसईसीएल अपनी दो अनुषंगी कंपनियों, **Chhattisgarh East Railway Ltd.** (**CERL**) और **Chhattisgarh East West Railway Ltd.** (**CEWRL**), के माध्यम से कोयलांचल क्षेत्र में एक व्यापक रेल नेटवर्क का निर्माण कर रहा है। परियोजना के तहत हम 12,500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 342 किलोमीटर लंबा रेल कॉरीडोर बना रहे हैं जो कोयला प्रेषण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी और तेज बनाएगी।

सीईआरएल फेस-1 के तहत, खरसिया से धर्मजयगढ़ तक लगभग 125 किलोमीटर लंबे रेल नेटवर्क का कमर्शियल ऑपरेशन शुरू हो चुका है जो मांड-रायगढ़ कोलफील्ड्स को देश भर के पावर प्लांट्स से सीधे जोड़ देगा।

सीईआरएल फेस-2 के तहत धर्मजयगढ़ से कोरबा तक लगभग 62 किलोमीटर लंबे रेल रूट पर भी तेजी से कार्य चल रहा है। इसके साथ ही सीईडबल्यूआरएल के तहत गेवरा रोड से पेंडरा रोड के बीच 155 किलोमीटर लंबी लाईन पर भी काम जारी है।

इस परियोजना के साथ-साथ, भविष्य में यात्री परिवहन की सुविधाओं के विकास से आदिवासी बहुल क्षेत्रों के लोग भी देश की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे। इससे उन क्षेत्रों के विकास को भी नया दिशा मिलेगी, और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार तथा सामाजिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

**प्रश्न : नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में एसईसीएल के क्या कदम हैं?**

● **श्री हरीश दुहन:** हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कंपनी सौर ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश कर रही है। अब तक कंपनी ने भटगांव, बिश्रामपुर एवं जमुना कोतमा क्षेत्रों में 40 मेगावाट से अधिक क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाओं को सफलतापूर्वक स्थापित कर लिया है।

इसके अतिरिक्त, जोहिला और सोहागपुर क्षेत्रों में 46 मेगावाट से अधिक क्षमता की परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है।

कंपनी का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2028-29 तक कुल 390 मेगावाट की सौर क्षमता का विकास करना है। इस दिशा में योजनाबद्ध रूप से कार्य किया जा रहा है, जिससे न केवल ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी उल्लेखनीय कमी आएगी।

**प्रश्न :** एसईसीएल के कार्यसंचालन में ठेका श्रमिकों (**contractor workers**) **की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके कल्याण के लिए किस प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं?**

● एसईसीएल में कोयला उत्पादन और ओबी रिमूवल जैसे प्रमुख कार्यों में ठेका श्रमिकों की अहम भूमिका है। वे हमारी कार्यशक्ति का अभिन्न हिस्सा हैं और उनके कल्याण के लिए कंपनी लगातार प्रतिबद्ध है। ठेका श्रमिकों को एसईसीएल के अस्पतालों में, इनडोर और ओपीडी दोनों रूपों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं।

आवास की व्यवस्था के तहत ठेकेदारों द्वारा श्रमिकों के लिए कैंप बनाए गए हैं, जहाँ पेयजल, स्वच्छता और मेस जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

नियमित कर्मियों की तरह ही ठेका श्रमिकों को भी कार्यस्थल पर पेयजल, कैंटीन आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

ठेका श्रमिकों को कोल इंडिया की कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत लाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत दुर्घटनावश मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में 40 लाख **तक का** बीमा कवर उपलब्ध होगा। श्रमिकों को नियमानुसार **पर्फ़ॉर्मन्स लिंकड रिवार्ड (पीएलएस)** दिया जाता है ।

इसके अतिरिक्त, ठेका श्रमिकों की वेतन, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं की नियमित निगरानी के लिए गठित बोर्ड एवं समितियाँ समय-समय पर निरीक्षण करती हैं और उनके सुझावों को प्रबंधन द्वारा गंभीरता से लागू किया जाता है।

**प्रश्न : एसईसीएल की कार्यशक्ति में एक ओर जहाँ अनुभवी अधिकारी हैं वहीं युवा प्रबंधक भी हैं। आप इन युवा साथियों के लिए क्या संदेश देना चाहेंगे?**

● **उत्तर:** एसईसीएल की ताकत उसकी विविध कार्यशक्ति में निहित है — एक ओर अनुभव से परिपूर्ण जनरल मैनेजर जैसे वरिष्ठ अधिकारी हैं, तो दूसरी ओर **इनोवेशन एवं नई तकनीक से जुड़े स्किल से लैस** ऊर्जा और नए विचारों से लैस युवा प्रबंधक हैं। हम सभी एक ही टीम का हिस्सा हैं और हमारा प्रयास है कि वरिष्ठ कर्मियों का अनुभव और युवा साथियों के आइडियाज विचार को साथ लेकर हम मिलकर आगे बढ़ें।

हम हर कर्मचारी के विचारों, सुझावों और नवाचारों का स्वागत करते हैं और उन्हें प्रोत्साहित करते हैं।

युवा साथियों के लिए मेरा यही संदेश है कि वे अपने कार्यों के लिए स्पष्ट लक्ष्य (**Goal**) निर्धारित करें, और उस लक्ष्य को छोटे-छोटे कार्यों (**Tasks**) में बाँटकर उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करने की योजना बनाएं। लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर सुधार की भावना से आप न केवल स्वयं का विकास करेंगे, बल्कि एसईसीएल को भी नई ऊँचाइयों तक पहुंचाएंगे।

**प्रश्न : कोयला उद्योग में महिलाओं की भूमिका को आप किस दृष्टिकोण से देखते हैं?**

● **उत्तर:** कोयला उद्योग, जो परंपरागत रूप से पुरुष प्रधान क्षेत्र माना जाता रहा है, आज महिलाओं की सक्रिय और सार्थक भागीदारी से सशक्त बन रहा है। एसईसीएल में महिलाएँ पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में अपना योगदान दे रही हैं।

यह हमारे लिए गर्व की बात है कि एसईसीएल के इतिहास में पहली बार एक महिला रेस्क्यू टीम का गठन किया गया है, **हमारे यहाँ महिला फ़र्स्ट एड की टीम कार्यरत है — ये कदम न केवल नारी शक्ति में प्रबंधन के विश्वास का प्रतीक है, बल्कि समानता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल भी है।**

हाल ही में माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्रीजी द्वारा एसईसीएल की तीन महिला कर्मियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जो यह दर्शाता है कि महिलाएँ अब हर क्षेत्र — चाहे वह तकनीकी हो या प्रबंधन — में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

**हमारे खदानों में शावेल ऑपरेटर से लेकर हमारे अस्पतालों में डॉक्टर्स, भूमि-अधिग्रहण का कार्य देख रहे प्रबंधक, वित्त विभाग के महत्वपूर्ण काम देख रहे अधिकारी, पर्यावरण संवर्धन के नोडल अधिकारी, कर्मचारी कल्याण, एचआर विषय देख रहे अधिकारी के रूप में महिलाएं अपना योगदान देकर कंपनी की विकास यात्रा में बराबर की साझेदार बन रही हैं।**

**प्रश्न : एसईसीएल के भविष्य को लेकर आपका क्या विज़न है और उसे साकार करने के लिए किन परिवर्तनों की आवश्यकता है?**

● **उत्तर:** एसईसीएल एक समय देश की नंबर 1 कोल कंपनी के रूप में जानी जाती थी, और मेरा स्पष्ट विज़न है कि हम उस गौरवशाली स्थान को पुनः प्राप्त करें। इसके लिए सिर्फ उत्पादन ही नहीं, बल्कि गुणवत्ता में भी अग्रणी होना आवश्यक है। मेरी प्राथमिकता है कि हम कोयला उत्पादन के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता को भी सर्वोच्च बनाए रखें।

साथ ही, मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूँ कि हमारे कार्यस्थलों पर सभी कर्मचारियों को एक सुरक्षित, और सहयोगपूर्ण वातावरण मिले, जिससे वे अपने कार्यों को बेहतर तरीके से कर सकें।

हमारी विकास यात्रा सिर्फ कोयले तक सीमित नहीं रहनी चाहिए — हमारे समुदाय, हमारे स्टेकहोल्डर्स भी इस यात्रा में भागीदार बनें और उनके सामाजिक और आर्थिक विकास को सुनिश्चित करना भी हमारा कर्तव्य है।

## दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी खदान में भी शुमार कोल कंपनी की यह माइंस, विस्तार की प्रक्रिया में जुटा एरिया प्रबंधन



## 70 एमटी कोयला खनन की मंजूरी हासिल कर चुकी गेवरा खदान एसईसीएल ही नहीं देश का भी गौरव

70 मिलियन टन सालाना कोयला खनन की मंजूरी हासिल कर चुकी गेवरा खदान एसईसीएल ही नहीं देश का भी गौरव है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी खदान में शुमार कोल कंपनी की इस माइंस की विस्तार की प्रक्रिया में भी एरिया प्रबंधन जुटा हुआ है। नए कोल फेस से खनन शुरू होने पर भविष्य में गेवरा खदान की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी।

एसईसीएल गेवरा खदान की विस्तार नीति को बढ़ाने जून 2023 में पर्यावरणीय मंजूरी के लिए जनसुनवाई हुई है। एशिया की सबसे बड़ी खदान गेवरा माइंस का क्षेत्रफल 4184.486 हेक्टेयर है। खदान की विस्तार नीति से क्षेत्रफल बढ़कर 4781.798 हेक्टेयर हो जाएगा। इस तरह 70 मिलियन टन के उच्चतम लक्ष्य पर फोकस करते हुए खदान की विस्तार की नीति से गेवरा खदान के आसपास गांवों की जमीन अधिग्रहित की है। इसमें भिलाईबाजार, भठोरा, मुड़ियानार, नराईबोध, अमगांव, रलिया समेत आसपास के गांव शामिल है। बीते वित्तीय वर्ष 2024-25 में 167.49 मिलियन टन कोयला उत्पादन में गेवरा खदान ने 56.03 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर सर्वाधिक भागीदारी निभाई है। गेवरा खदान में सरफेस माइनर फेस भी है, जहां ब्लास्टिंग फ्री तकनीक से कोयले का खनन कार्य किया जाता है। फेस पर सरफेस माइनर मशीन से कोयले की कटिंग की जाती है। पर्यावरण अनुकूल इस तकनीक को एसईसीएल की अन्य खुली खदानों में भी बढ़ावा देने का है। कोल इंडिया के कुल उत्पादन 781 मिलियन टन में सर्वाधिक भागीदारी में एसईसीएल दूसरे नंबर पर रही। गेवरा खदान के 50 मिलियन टन के पार कोल प्रोडक्शन मददगार साबित हुई।

### खदानों से निकला ओवरबर्डन हरियाली से ढका

खुली खदानों में कोयले को निकालने मिट्टी हटानी पड़ती है। इसे ओवरबर्डन एरिया में डंप किया जाता है। पीले मिट्टी व पत्थरों वाला यह ओवर बर्डन का इलाका हरियाली से ढंकी हुई है। कोरबा आने वाले लोगों को शहर में प्रवेश करने के साथ ही हरियाली से ढंकी हुई पहाड़ी का नजारा दिखाई देती है। कोयला खदानों के कारण एक बड़े भूभाग में खनन की प्रक्रिया में निकलने वाले ओवरबर्डन को जमा करने में लग जाता है। जो इलाका अब हरियाली से हुई है।

## पेस्ट फिल तकनीक से भूमिगत खदानों का उत्पादन बढ़ाएगी एसईसीएल

एसईसीएल की भूमिगत खदानों का कोयला निकालने के बाद पेस्ट फिल तकनीक से भरा जाएगा। अब तक मोटा पिलर छोड़ा जाता था। लेकिन अब कोयला निकालने के बाद पेस्ट फ्लाई ऐश, ओपनकास्ट खदानों से प्राप्त क्रश्ड ओवरबर्डन, सीमेंट, पानी और आसंजक रसायनों से तैयार पेस्ट से भरेंगे। सतही जमीन पर भूधंसान की घटना को रोकने एसईसीएल ने इस नई तकनीक का सहारा लिया है। यह प्रयोग भूमिगत खदानों के घाटे को भी उभारने में मदद मिलेगी। क्योंकि पिलर नहीं छोड़ने से उत्पादन बढ़ेगा।

पेस्ट फिल तकनीक से खनन कार्य की शुरूआत एसईसीएल अपने सिंघाली खदान से करेगी। एसईसीएल और टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज के बीच 7040 करोड़ रुपए की परियोजना के लिए समझौता हुआ है। उक्त परियोजना से अनुमानित 84.5 लाख टन कोयला उत्पादन किया जाएगा। 25 वर्षों की अवधि में खनन कार्य को पूरी करने की है। सिंघाली माइंस में जी-7 ग्रेड की नॉन-कोकिंग कोयले का रिजर्व मौजूद है। जहां अन्य भूमिगत खदानों की तरह विकास बोर्ड एंड पिलर पद्धति से खनन कार्य किया गया है। लोड हॉल डंपर्स और यूनिवर्सल ड्रिलिंग मशीनें का उपयोग किया गया है। भूमिगत खदानों में सरफेस माइनर मशीन उतारने का भी है। इससे कोयले को निकालने में आसानी होगी। पेस्ट फिल तकनीक में औद्योगिक अपशिष्टों का पुनः उपयोग कर सकेंगे। जो पर्यावरण के दृष्टि से भी लाभकारी है।




**एसईसीएल के बढ़ते कदम**


## इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाया

12 नए इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से पर्यावरण अनुकूल तकनीकी को अपनाने में एसईसीएल ने एक और कदम बढ़ाया है। कंपनी मुख्यालय के रोड परिवहन बेड़े में नए इलेक्ट्रिक वाहन को शामिल किया है। इन इलेक्ट्रिक वाहनों को तीन वर्षों की अवधि के लिए किराए पर लिया है। एसईसीएल की यह पहल अपने मुख्यालय और परिचालन क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने चलाए जा रहे अभियानों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अब तक एसईसीएल में कुल 48 इलेक्ट्रिक वाहन लगाए जा चुके हैं और इन 12 नए वाहनों के शामिल होने से यह संख्या बढ़कर 60 हो गई है। यह कदम पर्यावरण संरक्षण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इलेक्ट्रिक वाहन कार्बन उत्सर्जन को कम करने, वायु गुणवत्ता में सुधार लाने और जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता को घटाने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह पहल एसईसीएल की दीर्घकालिक सतत विकास रणनीति का एक प्रमुख हिस्सा है। 12 नए इलेक्ट्रिक वाहनों को सीएमडी हरीश दुहन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि एसईसीएल में इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरुआत हमारे परिचालन को अधिक हरित और सतत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## एसईसीएल के सीएमडी ने खनन प्रभावित क्षेत्र में विकास कार्यों की जानकारी दी



एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास स्थान स्थित कार्यालय में मुलाकात की। सीएम साय को सीएसआर से राज्य के खनन प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने एसईसीएल के प्रयासों को सराहा। साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के औद्योगिक और सामाजिक विकास के लिए हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।



### खुली खदानों में अब सरफेस माइनर मशीन फेस भी

एसईसीएल ने बदलते दौर में लोडिंग में नहीं बल्कि कोयला खनन में भी बदलाव किया है। नई तकनीक को अपनाया है। खुली खदानों में अब सरफेस माइनर मशीन फेस भी है जहां ब्लास्टिंग फ्री सरफेस माइनिंग तकनीक प्रयोग में लाई जाती है और सरफेस माइनर मशीन से कोयले की कटिंग की जाती है। ओवरबर्डन फेस की मिट्टी हटाने एसईसीएल अब 42 क्यूबिक मीटर शावेल और 240 टन डंपर जैसे आधुनिक हैवी मशीनों का इस्तेमाल कर रहा है।



सीज़फ़ायर पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में ऐसी है चर्चा....

# परमाणु शक्ति संपन्न भारत-पाक की लड़ाई बदल जाएगी व्यापक विश्व युद्ध में

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए चरमपंथी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जंग के हालात चरम पर हैं। शनिवार को दोनों देशों ने सीज़फ़ायर का एलान किया लेकिन सीज़फ़ायर के कुछ ही घंटों के बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे पर सीज़फ़ायर के उल्लंघन के आरोप भी लगाए। विदेशी मीडिया में दोनों देशों के बीच हुए सीज़फ़ायर और उसके उल्लंघन की चर्चा है। दुनिया भर के जाने-माने अख़बारों और न्यूज़ आउटलेट्स में भारत और पाकिस्तान को लेकर लेख छपे हैं। इन लेखों में कहा गया है कि परमाणु शक्ति संपन्न दोनों देशों के बीच होने वाली लड़ाई व्यापक रूप ले लेगी। इस युद्ध से विश्व युद्ध का खतरा भी मंडराने लगेगा और महाविनाश होने की संभावना है। प्रायः सभी देशों ने सीजफायर को उचित माना है।

## अमेरिकी मीडिया में कैसी चर्चा?



*न्यूयॉर्क टाइम्स ने लिखा, राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर संघर्ष विराम की घोषणा की और कहा कि इसमें अमेरिका की मध्यस्थता थी। भारत और पाकिस्तान के अधिकारियों ने संघर्ष विराम की पुष्टि की. हालांकि केवल पाकिस्तान ने ही अमेरिकी भूमिका को स्वीकार किया। वॉशिंगटन पोस्ट ने लिखा, सीज़फ़ायर दोनों देशों के बीच हो रही झड़पों को रोकने का प्रयास है।*

## ब्रिटेन के मीडिया ने कहा- 1971 में बना था बांग्लादेश




*फ़ाइनेंशियल टाइम्स ने लिखा, भारत और पाकिस्तान के बीच 2016 और 2019 में हुई हालिया झड़पें कश्मीर सहित सीमावर्ती क्षेत्रों तक ही सीमित थीं। लेकिन इस बार दोनों देशों ने एक-दूसरे के हवाई ठिकानों को निशाना बनाया, ड्रोन दागे गए। टेलीग्राफ ने लिखा, भारत और पाकिस्तान युद्ध के क़रीब पहुंच गए थे। पिछली बार दोनों पड़ोसियों के बीच इस तरह के हमले तब हुए थे जब 1971 में युद्ध हुआ था। ये युद्ध स्वतंत्र बांग्लादेश के बनने के साथ समाप्त हुआ था।*

## सऊदी अरब ने कूटनीतिक प्रयास तेज किए ....



अरब न्यूज़ डॉट कॉम ने लिखा, भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे पर सीज़फ़ायर के उल्लंघन के आरोप लगाए हैं। ये आरोप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोनों देशों के बीच हुए सीज़फ़ायर के एलान के कुछ घंटों के बाद ही लगाए गए। सऊदी गजेट डॉट कॉम ने लिखा, सऊदी अरब ने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव को कम करने के लिए अपने कूटनीतिक प्रयासों को तेज़ किया।

### बांग्लादेश और श्रीलंका के मीडिया ने क्या कहा?



बांग्लादेश के अंग्रेज़ी अख़बार द डेली स्टार ने लिखा सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों के सीज़फ़ायर समझौते पर पहुंचने की सराहना की। बीते तीन दशकों में दक्षिण एशियाई देशों के बीच लड़ाई से परमाणु हमले का ख़तरा पैदा हो गया था क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने कहा था कि उनकी परमाणु हथियार वाली टॉप बॉडी की मीटिंग होगी। श्रीलंका की मीडिया ने भी सीजफायर की सराहना करते हुए कहा इससे पड़ोसी देशों को भी पैदा हो गया था खतरा।

### नेपाल की मीडिया ने बोला ....

वहीं नेपाल के अख़बार काठमांडू पोस्ट ने लिखा, साउथ एशिया सेंटर की अटलांटिक काउंसिल के फेलो शुजा नावाज़ कहते हैं कि अब आगे आने वाले दिनों में सिंधु संधि को लेकर प्रमुखता से बात होगी। इससे दोनों देशों की सरकारों को जो कुछ हासिल हुआ है उसका श्रेय लेने का मौका मिल जाएगा।

# पाकिस्तान उच्चायोग के अधिकारी के लिए जासूसी करते दो पकड़ाए

एजेंसी ▸▸| चंडीगढ़



पंजाब के मलेरकोटला पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने दिल्ली स्थित पाकिस्तान के उच्चायोग में तैनात एक अधिकारी को जासूसी गतिनिधियों से जुड़ी जानकरी देने के आरोप में 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में एक पाकिस्तान स्थित एक हैंडलर को भारतीय सेना की महत्वपूर्ण जानकारी लीक कर रहा था और दूसरा चालक है जो जासूसी में उसकी मदद कर रहा था। पुलिस अब दोनों से पूछताछ करने में जुटी है।

**आरोपी ने खुद को बताया पाक नेटवर्क का हिस्सा :** डीजीपी ने बताया कि गिरफ्तार दूसरा आरोपी एक चालक है, जो जानकारी लीक करने वाले आरोपी की मदद करता है। आरोपी ने स्वीकार किया है कि वह एक नेटवर्क का हिस्सा था, जो पाकिस्तान से निर्देश प्राप्त कर भारत में अपने स्थानीय गुर्गों तक धन पहुंचाता था।

### पुलिस को कैसे मिली सफलता?

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन चलाया, जिसमें एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। डीजीपी ने बताया कि इस संदिग्ध पर आरोप है कि उसने पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी के जरिए एक पाकिस्तानी हैंडलर को भारतीय सेना की महत्वपूर्ण जानकारी लीक की थी।

# हैदराबाद में अस्पताल की सीईओ कोकीन खरीदते गिरफ्तार

## व्हाट्सऐप पर किया था लाखों रुपए का ऑर्डर देश

एजेंसी ▸▸| हैदराबाद



तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के एक फेमस अस्पताल की सीईओ नम्रता चिगुरुपति को कोकीन खरीदते हुए गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, महिला सीईओ 5 लाख रुपये की कोकीन खरीद रही थी। पुलिस ने सीईओ के अलावा एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह व्यक्ति सीईओ तक ड्रग्स पहुंचा रहा था। दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वेंकन्ना ने कहा कि नम्रता चिगुरुपति नाम की एक मेडिकल प्रिस्क्रिप्शनर ने मुंबई में वंश नाम के ड्रग्स सप्लायर से ड्रग्स मंगवाई थी। नम्रता ड्रग्स सप्लायर वंश को पहले से जानती थी। वेंकन्ना ने आगे कहा कि पुलिस ने उनका पता लगाया और उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान सीईओ नम्रता ने ड्रग्स पर लगभग 70 लाख रुपये खर्च करने की बात कबूल की है।

### कूरियर के जरिए पहुंचा था ड्रग्स

मामले की जांच कर रही पुलिस ने बताया कि 34 साल की सीईओ नम्रता चिगुरुपति को गिरफ्तार किया गया है। नम्रता को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह मुंबई के एक सप्लायर वंश धाकड़ से कूरियर के जरिए पांच लाख रुपए की ड्रग्स ले रही थी। पुलिस ने नम्रता के साथ ड्रग्स सप्लायर वंश धाकड़ के एक सहयोगी बालकृष्ण को भी पकड़ा है। उसने सप्लायर को ये पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर किए।

लखनऊ में ब्रह्मोस केंद्र का उद्घाटन किया

# राजनाथ बोले- सेना की धमक रावलपिंडी तक योगी ने कहा- ब्रह्मोस की तबाही पाक से पूछिए

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस एकीकरण और परीक्षण सुविधा का उद्घाटन किया। वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा, मुझे आपसे बात करके बहुत खुशी हो रही है। मैं व्यक्तिगत रूप से शामिल होना चाहता था, लेकिन आप जानते हैं कि मैं क्यों नहीं आ सका। हम जिस स्थिति का सामना कर रहे हैं, उसे देखते हुए मेरा दिल्ली में रहना महत्वपूर्ण था। हम किसी भी परिस्थिति में रहें, देश चलता रहेगा। यहां हर साल 80-100 ब्रह्मोस मिसाइलें बनाई जाएंगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'ये सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की सामरिक और राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है।' इस मौके पर योगी योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रम्होस मिसाइल ने क्या तबाही मचाई है इसके बारे में पाकिस्तान से पूछा जा सकता है। उन्होंने कहा यह कदम रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत और भारत-पाक के बीच चल रहे तनावपूर्ण हालात में सामरिक शक्ति को नई धार देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### नय भारत, घर के अंदर घुसकर मारता है

रक्षा मंत्री ने कहा, हमने केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर ही कार्रवाई नहीं की, बल्कि भारत की सेनाओं की धमक उस रावलपिंडी तक सुनी गई, जहां पाकिस्तानी सेना का मुख्यालय मौजूद है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि यह नया भारत है जो आतंकवाद के खिलाफ सरहद के इस पार और उस पार दोनों तरफ प्रभावी कारवाई करेगा।




**कितनी ताकतवर है ब्रह्मोस मिसाइल? :** ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। ये 2,500 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से करीब 300 किलोमीटर के दायरे में हमला कर सकती है। 2,900 किलोग्राम वजनी इन मिसाइलों को जहाज, जमीन या लड़ाकू विमान से दागा जा सकता है और सेना के तीनों अंग इसका इस्तेमाल करते हैं। भारत ब्रह्मोस के नए संस्करण पर भी काम कर रहा है, जो हल्की होगी और इसकी रेंज भी 300 किलोमीटर से ज्यादा होगी।



**ब्रह्मोस मिसाइल ने उड़ाई पाक की नींद :** वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, आपने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल के पराक्रम की झलक देखी होगी। अगर नहीं देखी तो पाकिस्तान के लोगों से मिसाइल की ताकत के बारे में पूछिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि आगे से आतंकवाद की कोई भी कार्रवाई युद्ध की कार्रवाई मानी जाएगी। जब तक हम इसे पूरी तरह से कुचल नहीं देते, आतंकवाद की समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

### जल, थल और वायु से करती है वार

*'ब्रह्मोस' एक लंबी दूरी सुपरसोनिक क्रुज मिसाइल प्रणाजी है। बताया जाता है कि इस मिसाइल को जमीन, समुद्र और हवा से लॉन्च किया जा सकता है। 'ब्रह्मोस' को डीआरडीओ और रूस के नैटिक पॉलीमर्स एंड ऑर्गनिक्स के संयुक्त उद्यम के तहत विकसित किया गया है। इस प्रणाली के एंटी-शिप और लैंड अटैक भूमिकाओं के लिए दो वैरिएंट के साथ डिजाइन किया गया है। इस मिसाइल को भारतीय नौसेना के साथ-साथ भारतीय सेना में भी शामिल किया गया है।*

### 'ब्रह्मोस' को नहीं भेद पाया पाक

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पहलगाम हमले के बदला लेने के लिए भारतीय सेना पाकिस्तान के कई प्रमुख वायुसेना ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की। यह पहली बार है कि जब 'ब्रह्मोस' को वास्तविक युद्ध में उपयोग किया जा सकता है। जवाबी हमले में पाकिस्तान के स्कार्दू, मूरिद, रफीकी, नूर खान, चूनियां, सुक्कुर जैसे एयरबेस और सियालकोट व पंसूर के ठिकानों को नुकसान पहुंचाया था। रिपोर्ट की बात मानें तो इस हमले में 'ब्रह्मोस' सुपरसोनिक क्रुज मिसाइल, स्केल्प और आधुनिक एयर लॉन्च प्रिसीजन हथियारों का इस्तेमाल किया गया है।

### पाकिस्तान का अब्दाली फतह-1 और 2 बेअसर

बताया जाता है कि पाकिस्तान के पास अब्दाली, फतह-1 और 2 नाम की मिसाइलें है। पाक का दावा है कि इन मिसाइलों की मारक क्षमता 250-400 किलोमीटर की है। पाकिस्तान ने इन्हीं मिसाइलों से भारत के अलग-अलग शहरों पर हमला किया था, लेकिन इंडियन आर्मी ने इसे नाकाम कर दिया था।

आतंकी अटैक पर खुद खोली अपनी भूमिका की पोल

# पुलवामा हमले में रहा पाक का हाथ... एयर वाइस मार्शल ने कबूला जुर्म

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी हमले के बाद से ही भारत और पाकिस्तान के बीच उच्च स्तरीय तनाव चल रहा है। हालांकि, शनिवार को दोनों देश संघर्ष विराम पर तैयार हो गए हैं। इस बीच पाकिस्तान के एयर वाइस मार्शल औरंगजेब अहमद ने एक प्रेस कॉन्फेंस में पुलवामा हमले पर बात की। एयर चीफ ने बातों ही बातों में पुलवामा हमले को लेकर पाकिस्तान की पोल खोल दी। पाकिस्तान के एयर वाइस मार्शल औरंगजेब अहमद ने पुलवामा हमले को चालाकी से की गई 'सैन्य कार्रवाई' बताया है। उनके इस बयान का फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पाकिस्तानी वायु सेना के शीर्ष अधिकारी ने सीजफायर के बाद पाक में चल रही प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बयान दिया है।



### एयर वाइस मार्शल ने किया स्वीकार

पाकिस्तान वायुसेना के महानिदेशक जनसंपर्क एयर वाइस मार्शल औरंगजेब अहमद ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, पाकिस्तानी लोगों को अपने सशस्त्र बलों पर गर्व और भरोसा है, जिसे हम हमेशा हर कीमत पर बनाए रखते हैं। हमने पुलवामा में अपनी सामरिक प्रतिभा के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की थी। अब हमने अपनी परिचालन प्रगति और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया है। मेरा मानना है कि उन्हें इस पर ध्यान देना चाहिए।

### ...तो नहीं हो सकता है कोई समझौता

अहमद ने कहा, अगर पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र, जमीन, पानी या उसके लोगों को खतरा है, तो कोई समझौता नहीं हो सकता। इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। हम अपने देश के प्रति इसके लिए ऋणी हैं। बता दें कि पाकिस्तान ने पुलवामा हमले में शामिल होने से हमेशा इनकार किया है। इस हमले की जिम्मेदारी जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी। पाकिस्तान ने इस मामले में बार-बार सबूत मांगते हुए भारत के आरोपों को खारिज किया है।

सीबीआई जांच की मांग

पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित रहे सुब्बण्णा अय्यप्पन, संस्था के सदस्य ने लिखा पीएम व गृह मंत्रालय को पत्र

# आईसीएसआर के पूर्व महानिदेशक की संदिग्ध मौत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च (आईसीएआर) के पूर्व सदस्य वेणुगोपाल बदरावाड़ा ने पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित और आईसीएआर के पूर्व महानिदेशक सुब्बण्णा अय्यप्पन की रहस्यमयी मौत की सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने इसे एक असमय और संदिग्ध मौत करार दिया है। बदरावाड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में कहा, "अय्यप्पन जी की मौत के हालात बेहद चिंताजनक हैं। उनकी स्कूटर नदी किनारे लावारिस हालत में मिली और मृत्यु का कारण अब तक स्पष्ट नहीं है। यह पूरी घटना एक कोर्ट-निगरानी वाली सीबीआई जांच की मांग करती है।"

**तीन दिन बाद मिला शव :** 70 वर्षीय अय्यप्पन का शव शनिवार को कावेरी नदी, श्रीरंगपट्टन (कर्नाटक) के पास से बरामद किया गया। पुलिस को संदेह है कि उन्होंने नदी में छलांग लगाई। उनके लापता होने के तीन दिन बाद शव मिला। उनका दोपहिया वाहन नदी किनारे मिला था।



### गहराई तक फैला है भ्रष्टाचार, आरोप

अपने पत्र में बदरावाड़ा ने आरोप लगाया कि यह घटना आईसीएआर, एएसआरबी यानी एग्रीकल्चरल साइंटिस्ट्स रिक्रूटमेंट बोर्ड और उनसे जुड़ी संस्थाओं में व्याप्त गहराई तक फैले भ्रष्टाचार, अनियमित नियुक्तियों और शक्ति के दुरुपयोग को उजागर करती है। उन्होंने यह भी दावा किया कि आईसीएआर ने 5 मई को एकतरफा आदेश से उन्हें गवर्निंग बॉडी से हटा दिया, जो पूरी तरह से गैरकानूनी रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि आईसीएआर में भ्रष्टाचार उजागर करने वालों को चुप कराया जा रहा है, जबकि भ्रष्ट तंत्र को संरक्षित किया जा रहा है।

### 'ब्लू रिवॉल्यूशन' के नायक थे अय्यप्पन

सुब्बण्णा अय्यप्पन, जो मैसूर के विश्वेश्वर नगर औद्योगिक क्षेत्र में रहते थे, 7 मई को लापता हो गए थे। उनके परिवार ने विद्यारण्यपुरम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। वह अक्सर श्रीरंगपट्टन स्थित साईबाबा आश्रम में ध्यान साधना के लिए जाया करते थे। वह आईसीएआर के पहले ऐसे प्रमुख थे जो गैर-फसल विशेषज्ञ थे और भारत में 'नीली क्रांति' लाने में अहम भूमिका निभाई थी। वे अपने पीछे पत्नी और दो बेटियों को छोड़ गए हैं।

पाकिस्तान ने कर दिए थे एयरबेस पूरी तरह से नष्ट

# 1971 की जंग में महिलाओं ने 72 घंटे में तैयार किया था रनवे

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

साल 1971 की जंग में भुज के माधोपुर गांव की तीन सौ महिलाओं ने दिन रात एक कर भूखे प्यासे बीएसएफ की मदद से एयर फोर्स के लिए रनवे तैयार किया था, जिसे पाकिस्तान ने तबाह कर दिया था। इसके बाद अजय देवगन, सोनाक्षी सिन्हा, संजय दत्त की इसी सच्ची घटना पर आधारित फिल्म भुज द प्राइड ऑफ इंडिया आई थी। इसे लेकर वीरांगनाओं ने एक साक्षात्कार में कहा कि तब उनकी उम्र उस समय महज 21 से 28 साल के बीच थी। उन्होंने कहा कि आज भी मौका मिले तो देश के लिए लड़ने के लिए तैयार हैं और अब उनके बच्चे सेना की मदद करेंगे। 1971 की जंग की तीन बहादुर वीरांगनाएं, भुज एयरबेस रनवे को जब तैयार किया था। ये बुजुर्ग महिलाएं कहती है कि आज भी मौका मिला तो देश के लिए खड़ी रहेंगी।

### कौन थी वह महिलाएं?

*माधोपुर गांव की महिला सामू बैन विश्राम भंडारी, उस वक्त 21 साल की थी और अब उनकी उम्र 75 साल है। शाम बाई करसन खोखानी उस वक्त उम्र 28 की थी और आज वह 83 साल की हैं। कान बाई शिव जी उस वक्त 24 साल साल की थीं और 80 साल की हैं। बता दें कि फिल्म अभिनेता अजय देवगन के साथ इन वीरांगनाओं की तस्वीर भी हैं।*

### हमलों के बीच किया तैयार, लड़ाकू विमान ने भरी उड़ान

इन महिलाओं ने बताया कि युद्ध उस वक्त के विंग कमांडर कार्णिक ने मुलाकात कर रनवे बनाने के लिए मदद मांगी थी। ये सभी बताती हैं कि हम लोगों ने बिना जान की परवाह किए बगैर रनवे को 72 घंटे में तैयार किया था। पाकिस्तान की ओर क्राफ्ट लगातार हवा में उड़ते थे, सायरन बजता था तो वह पेड़ों के पीछे छिप जाते थे। बाद में निकल कर काम करने में लग जाते थे।



**पाकिस्तान ने तबाह कर दिए थे एयरपोर्ट :** गौरतलब है कि 1971 के युद्ध में पाकिस्तान की करारी हार हुई थी। 8 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान के सावेर जेट्स ने 14 बम भारत के भुज स्थित एयरफोर्स बेस पर दागे गए थे। इन धमाकों से भारतीय सेना का रनवे तबाह हो गया। इसकी वजह से सारे हवाई ऑपरेशन्स में बाधा आ गई थी। फिर इसी और बेस के पास की महिलाओं ने देश की सेना की मदद का बीड़ा उठाया और रनवे तैयार किया।

### 300 महिलाओं 72 घंटे में रनवे किया तैयार

पाकिस्तान की तरफ से किया गया दूसरा हमला इतना खतरनाक था कि भारतीय सेना को बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की मदद लेनी पड़ी। इसके बाद जो हुआ उसने इतिहास ही बदलकर रख दिया। कैंप के नजदीक स्थित माधोपुर गांव की 300 महिलाओं ने दिन-रात एक कर बिना खाए-पिए लगातार मेहनत कर गईं और 72 घंटे के अंदर नया रनवे बना दिया।

### बिना संसाधन बना था रनवे, इंदिरा गांधी ने दी शाबाशी

उस वक्त तो जेसीबी मशीन या अत्याधुनिक मशीन भी नहीं थी कुदाल, फावड़ा और टोकरी के जरिए रनवे बनाया था। तब तो इतने साधन भी नहीं थे। इन महिलाओं के नाम से वीर वीरांगना पंचायत गृह भी बना है, जो उनकी वीरता की गाथा को बयान करता है। उस वक्त इन्हें सरकार की तरफ से पचास हजार रुपए वीरता के रूप में पुरस्कार दिया गया था।



बस्तर जिले में अवैध कटाई को रोकने के लिए वन विभाग द्वारा नई पहल शुरू की गई है। आदिवासी बाहुल्य बस्तर में ग्रामीणों को पेड़ों के प्रति आकर्षित करने और उनकी रक्षा करने के लिए तरकीब निकाली है। अब जंगलों के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने वालों की खैर नहीं होगी। बस्तर के जंगलों को वन माफियाओं से बचाने के लिए अब आदिवासी ग्रामीण ही उनकी रक्षा करने के लिए तैयार हो गए है। कुछ दिनों पूर्व विभाग के अधिकारियों ने आदिवासी समाज की बैठक लेकर उन्हें जागरुक करने की पहल की है।

## अब जंगलों के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने वालों की खैर नहीं...

# जंगल को बचाने देवी-देवताओं के नाम पर पेड़ों का नामकरण

**हरिभूमि न्यूज / जगदलपुर।** अब बस्तर के जंगलों में बेशकीमती पेड़ों का नामकरण अंचल की देवी-देवताओं से किया जा रहा है, ताकि इलाके के ग्रामीण उन पेड़ों की पूजा पाठ कर उन्हें सहज रखेंगे। वहीं पूरे बस्तर वन मंडल में माचकोट, तिरिया सहित अन्य इलाकों में ग्रामीणों की बैठक कर उन्हें उनके द्वारा ही पेड़ों का नामकरण किया जा रहा है, जिससे बस्तर के घने वन जंगल को बचाया जा सके। इस अनोखी पहल से विभाग भी काफी खुश नजर आ रहा है और पेड़ों के नाम देवी-देवताओं के रूप में रखने से बस्तर के जंगल बच सकेंगे। साथ हो विभाग के अधिकरियों के साथ-साथ ग्रामीण आदिवासी समय समय पर जगलों में जाकर पेड़ों की,





### देवी-देवता को पेड़ों का बना रहे संरक्षक

बस्तर जिले के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि जंगल को बचाने गांवों में ग्रामीणों की बैठक लेकर पेड़ का नामकरण देवी-देवताओं करने की समझाइश दी जा रही है। इससे जंगल को बचाया जा सके। साथ ही देवी-देवताओं को पेड़ों का संरक्षक बना रहे है, इसके बाद ग्रामीण उस पेड़ को पूजने लगेंगे।

---

भारतमाला के गुनाहगार... : मुआवजा घोटाला में सभी के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने किया है केस दर्ज

# एसडीएम-तहसीलदार, आरआई, पटवारी समेत आठ 18 दिन से फरार, ईओडब्ल्यू के हाथ खाली

रायपुर जिले के भारतमाला परियोजना में हुए घोटाले में निलंबित किए गए अभनपुर तहसील क्षेत्र के तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू, तहसीलदार शशिकांत कुर्रे, राजस्व निरीक्षक रोशनलाल वर्मा, पटवारी दिनेश पटेल के अलावा गोबरानवापारा के तत्कालीन नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण, पटवारी नायकबांधा जीतेंद्र साहू, पटवारी बसंती घृतलहरे, लेखराम पटेल ग्राम टोकरो के विरुद्ध ईओडब्ल्यू ने केस दर्ज किया है। इन सभी के खिलाफ केस दर्ज किए 18 दिन हो चुके हैं, लेकिन अभी तक इनमें से एक की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है, जिसके कारण इस घोटाला की जांच भी आगे बढ़ नहीं पा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

## अब तक घोटाला की जड़ तक पहुंच नहीं पाया ईओडब्ल्यू

इधर ईओडब्ल्यू ने इस घोटाले में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इन सभी को रिमांड पर लेकर पूछताछ भी की जा चुकी है, लेकिन ईओडब्ल्यू अब तक घोटाला की जड़ तक पहुंच नहीं पाया है। घोटाला की शुरुआत कैसे और कहां से हुई, यह सबसे बड़ा सवाल है, जिसका खुलासा तभी हो पाएगा, जब सभी फरार निलंबित अधिकारी-कर्मचारी ईओडब्ल्यू की गिरफ्त में आएंगे। इस प्रोजेक्ट का नक्शा एनएचएआई द्वारा तैयार किया गया था। इस नक्शा के आधार पर प्रभावित किसानों की जमीनों का अधिग्रहण कर उन्हें मुआवजा बांटा गया है। इस तरह अधिसूचना जारी होने से पहले अगर प्रोजेक्ट का नक्शा लीक हुआ है, तो यह संभावना जताना भी गलत नहीं होगा कि नक्शा एनएचएआई से लीक हुआ है। सवाल यह है कि नक्शा लीक हुआ है या फिर कराया गया। अगर कराया गया है, तो इस घोटाले में एनएचएआई के कुछ अफसरों के भी शामिल होने की

### घोटाला में प्रभावित किसानों की भी मिलीभगत की संभावना

भारत माला प्रोजेक्ट घोटाला में अब तक यह बातें सामने आई हैं कि प्रभावित किसानों की जमीनों को टुकड़ों में बांटकर उन्हें कई गुना अधिक मुआवजा दिलाया गया है। मुआवजा की राशि किसानों के सीधे बैंक खातों में पहुंची भी है, लेकिन बाद में सभी के खातों से उपर के मिले लाखों-करोड़ों रुपए निकाल लिए गए हैं। ये रुपए किसने निकाले, कैसे निकाले, इसकी भी जांच की जा रही है।


भारतमाला परियोजना घोटाला में एनएचएआई के अफसरों के भी शामिल होने की आशंका

अधिसूचना से पहले भारतमाला का नक्शा लीक, इसलिए टुकड़ों में बंटी जमीन

विधानसभा में उठ चुकी सीबीआई जांच की मांग

घोटाला में एनएचएआई अफसरों के भी शामिल होने की आशंका

नक्शा लीक हुआ या नहीं, हुआ तो कैसे यह भी जांच का विषय

### नक्शा लीक इस घोटाले की सबसे अहम कड़ी

भारतमाला परियोजना घोटाला की जांच जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा की गई थी। इस जांच रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि भारत माला परियोजना की अधिसूचना जारी होने के बाद बैक डेट पर प्रभावित किसानों की जमीनों को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर उनके परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर चढ़ा दिया गया, ताकि जमीन अधिग्रहण के रूप में कई गुना ज्यादा मुआवजा राशि का वितरण किया जा सके। बैक डेट पर किसानों की जमीनों को टुकड़ों में बांटने का उल्लेख किया गया है, लेकिन ऐसा भी हो सकता है कि अधिसूचना जारी होने के पहले ही जमीनों का बटांकन कर दिया गया हो। अगर ऐसा हुआ है तो इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि अधिसूचना जारी होने से पहले ही प्रोजेक्ट का नक्शा लीक हुआ होगा।

---

# ट्रक ने बाइक को लिया चपेट में, तीन की मौत

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

जिले में रविवार की शाम एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर दहिकोंगा के पास शाम करीब 4 बजे हुआ। जब रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रहे एक ट्रक ने सामने से आ रही एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े। ट्रक का पहिया एक महिला के सिर के ऊपर से गुजर गया। हादसे में जान गंवाने वालों में एक पुरुष दो महिलाएं शामिल हैं।



### सड़क पर बिखरे अंग

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद सड़क पर शव बुरी तरह बिखर गए थे और घटनास्थल पर बेहद दर्दनाक दृश्य देखने को मिला। मृतकों की पहचान और उनके घरवालों को सूचना देने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से घटनास्थल पर यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। यह इलाका पहले भी सड़क दुर्घटनाओं के लिए जाना जाता रहा है। प्रशासन ने की अपील पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क पार करते समय सतर्कता बरतें।


**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
छठवीं मंजिल टॉवर 'सी', कमर्षियल कॉम्प्लेक्स,
सी.बी.डी. सेक्टर-21, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) 492002
Website- markfed.cg.nic.in E-mail: mf_ctrlroom_raipur@gov.in

क्रमांक /विपणन/सं.धा/703 /2025 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 10 .05 .2025

**खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अतिशेष धान के निराकरण हेतु प्राईस मेचिंग की लिए सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा अतिशेष धान की प्रथम चरण की नीलामी (दिनांक 17 .04 .2025 से 23 .04 .2025) तथा दिनांक 05 .05 .2025 से 10 .05 .2025 तक आयोजित प्राईस मेचिंग उपरांत शेष बचे स्टेकों के प्राईस मेचिंग हेतु दिनांक 13 .05 .2025 को पुनः अवसर प्रदाय किया जा रहा है। ई-ऑक्शन प्लेटफार्म (M-Junction) में पंजीकृत निविदाकार उक्त प्राईस मेचिंग में भाग ले सकते है। शासन द्वारा ग्रेड-“ए” धान नया बारदाना हेतु 2100 रूपये प्रति क्विंटल, ग्रेड-“ए” धान पुराना बारदाना हेतु 2050 रूपये प्रति क्विंटल, कॉमन धान नया बारदाना हेतु 1950 रूपये प्रति क्विंटल एवं कॉमन धान पुराना बारदाना हेतु 1900 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। दिनांक 13 .05 .2025 को आयोजित प्राईस मेचिंग की समय-सारिणी, स्टेक की संख्या, किस्म आदि की जानकारी पृथक से M-Junction की वेबसाइट cgmarkfed.mjunction.in में उपलब्ध है। प्राईस मेचिंग हेतु इच्छुक निविदाकार M- Junction प्लेटफार्म में पंजीयन उपरांत प्राईस मेचिंग में भाग ले सकते है।

संवाद-43797 महाप्रबंधक (विपणन)


---

## फाइनेंस कंपनी की कार्रवाई पर हाईकोर्ट की रोक

**बिलासपुर।** फाइनेंस कंपनी द्वारा वाहन का कब्जा प्राप्त करने के बाद चेक बाउंस होने के नाम पर अपने उपभोक्ता के खिलाफ प्रकरण चलाया गया। इस मामले में सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने धारा 138 की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए फाइनेंस कम्पनी को नोटिस जारी किया है। चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी ने याचिकाकर्ता रिंकेश खन्ना को वाहन क्रय करने हेतु ऋण प्रदान किया। इस हेतु एक संविदा भी निष्पादित की गई तथा ऋण राशि को समान मासिक किस्तों में भुगतान करने हेतु करार किया गया। चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी द्वारा ऋण भुगतान हेतु सुरक्षा के रूप में चेक प्राप्त किया गया। व्यापार हानि एवं अन्य कारणों से याचिकाकर्ता रिंकेश खन्ना द्वारा फाइनेंस की गई वाहन को वापस कंपनी के पक्ष में समर्पण कर दिया गया तथा सुरक्षा चेक को वापस मांगा गया। चोलामंडलम फाइनेंस कम्पनी द्वारा सुरक्षा चेक वापस न कर सक्षम न्यायालय में धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम के तहत कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई।

## वनभूमि में अतिक्रमण पर नागर, दो भैंसा को अमले ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले में अमले ने वन भूमि पर अतिक्रमण कर जोताई कर रहे एक व्यक्ति के नागर और भैंस को जब्त किया है। प्रदेश में अतिक्रमण के खिलाफ शायद यह ऐसी पहली कार्रवाई है, जिसमें नागर के साथ भैंसों को जब्त किया गया है।

फरसगांव वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पांडेआठगांव कुल्हाड़गांव के आरएफ/74 नया कक्ष क्रमांक 1048 की वन भूमि में ग्राम पांडेआठगांव के डोंगरीपारा निवासी सम्पत पिता लक्ष्मण द्वारा अतिक्रमण करने के उद्देश्य से सुबह 5 बजे अपने दो भैंसा को फांदकर नागर जोताई कार्य कर रहा था। सूचना पर कुल्हाड़गांव परिसर रक्षक वासुदेव डहरिया द्वारा मौके पर पहुंचकर पकड़ा गया। दो गवाहों के समक्ष जब्ती पत्रक भरकर पीआरओ क्रमांक 19471/22 के तहत वन अपराध दर्ज किया गया। मौके से नागर, जुवाड़ी और दो नग भैंस को जब्त कर वन प्रबंधक समिति के सहयोग से पांडेआठगांव के कांजी हाउस ने रखा गया है। मामले में भारतीय वन अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## लोक अदालत में क्रिप्टो करंसी मामले का निपटारा

**रायपुर।** राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को क्रिप्टो करेंसी संबंधी मामले का सफलतापूर्वक निपटान करते हुए पक्षकारों को त्वरित न्याय प्रदान किया गया। यह मामला वर्ष 2023 का था, जिसमें आरोपियों के खिलाफ आमानाका थाने की पुलिस ने ठगी का अपराध दर्ज किया था।


**आम सूचना**

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("ICICI Bank") से उन्हें उपलब्ध कराई गई ("सुविधा") में बकाया धनराशि को चुकता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। चूँकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम 22 मई, 2025 को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाइट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उतराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम: बैकुण्ठपुर, छत्तीसगढ़ | |
| 360562001439 | विजय कुमार एक्का |
| 360562001718 | बबलू बबलू |
| शाखा का नाम: बलरामपुर (छत्तीसगढ़) | |
| 782262000105 | अयाज वारसी |
| शाखा का नाम: बस्तर, छत्तीसगढ़ | |
| 360162001373 | लिखनराम बघेल |
| 360162001893 | लखेश्वर कश्यप |
| 360162001898 | रामेश्वर निषाद |
| शाखा का नाम: बेमेतरा, छत्तीसगढ़ | |
| 372462001250 | बिमला तिर्की |
| शाखा का नाम: भिलाई | |
| 018662008557 | मनोज जैन |
| शाखा का नाम: भिलाई नगर -भिलाई 3 | |
| 741862000745 | मयंक जैन |
| शाखा का नाम: भिलाई नगर -सुपेला | |
| 434962001572 | नसीमुद्दीन जेड |
| शाखा का नाम: भिलाई नगर -नंदिनीरोड | |
| 181562002189 | कविता राय |
| शाखा का नाम: चांपा | |
| 177462002208 | राजू कुमार बंजारे |
| शाखा का नाम: चिरमिरी | |
| 162562002077 | अभिषेक पराशर |
| शाखा का नाम: दल्ली राजहरा | |
| 197762001167 | प्रहलाद जेड |
| शाखा का नाम: घरघोड़ा, छत्तीसगढ़ | |
| 372262000988 | भानुप्रिया साहू |
| शाखा का नाम: जगदलपुर | |
| 108562010193 | नियाज खान |
| 108562012518 | रूथ प्रवीणा दानी |
| 108562011176 | महावीर प्रधान |
| 108562012280 | फिलीप हरिजन |
| 108562012271 | धरम सिंह मौर्य |
| 108562012276 | आकांश आनंद |
| 108562012282 | जितेन्द्र सेठिया |
| शाखा का नाम: जगदलपुर II | |
| 443162001054 | जयश्री दास |
| 443162001043 | प्रवीण कुमार नायर |
| 443162001057 | दलसाय नेताम |
| 443162001065 | गुड्डू भदरे |
| 443162001074 | नसीम परवीन |
| 443162001078 | रामेश्वर नाग |
| शाखा का नाम: जांजगीर-नेताजी चौक | |
| 782862000137 | सावित्री सावित्री |
| शाखा का नाम: कांकेर, छत्तीसगढ़ | |
| 371762002771 | ज्ञानेश उसेंडी |
| 371762002775 | अनिल कुमार सलाम |
| 371762002834 | मोहम्मद जुनेद नुरानी |
| शाखा का नाम: कोंडागांव, छत्तीसगढ़ | |
| 328162002683 | श्रादू कश्यप |
| 328162005678 | आसिम सोम |
| 328162005680 | जग्गू राम |
| शाखा का नाम: कोरबा | |
| 035362003680 | लक्ष्मीन बाई |
| 035362003684 | शांति बाई |
| शाखा का नाम: लोरमी | |
| 785062000144 | गिरीश सापरिया |
| शाखा का नाम: नारायणपुर | |
| 783562000230 | दीपेश मलिक |
| 783562000240 | वंश पात्रा |
| 783562000241 | नितेश ठाकुर |
| शाखा का नाम: पाली, छत्तीसगढ़ | |
| 280462000879 | समर सिंह |
| शाखा का नाम: पेण्ड्रा | |
| 784862000075 | रोहणी कुमार यादव |
| शाखा का नाम: पिथौरा | |
| 783362000068 | उमेश कुमार ठाकुर |
| शाखा का नाम: रायपुर | |
| 016162011272 | जन्नाकुटी राममूर्ति |
| 016162011790 | राकेश कुमार सोमानी |
| 016162011820 | विनोद कुमार अग्रवाल |
| शाखा का नाम: रायपुर-डूमरतराई | |
| 429762000559 | कविता साहू |
| शाखा का नाम: रायपुर-टाटीबंद | |
| 251662001317 | दामिनी मानिकपुरी |
| शाखा का नाम: रायपुर-पंचपेड़ीनाका | |
| 134662001769 | रश्मिता भोई |
| शाखा का नाम: रायपुर-पंडरी | |
| 134762002004 | सतीश साहू |
| शाखा का नाम: सक्ती | |
| 444562000112 | अमरीका यादव |
| शाखा का नाम: सरायपाली | |
| 783262000209 | जितेश चौधरी |
| शाखा का नाम: हैदराबाद-बोटानिका निकासद्वार | |
| 470362000039 | निशांत शर्मा |
| शाखा का नाम: हैदराबाद-कोसागुमदा | |
| 277362004923 | चैतन कश्यप |

दिनांक: 12 .05 .2025
स्थान: बस्तर, कोरबा, दुर्ग, रायगढ़, रायपुर, कोंडागांव, नारायणपुर, मुंगेली, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, महेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, जशपुर, सुकमा, सरगुजा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बालोद, बलरामपुर (छत्तीसगढ़), बेमेतरा, कोरिया, महासमुंद, उत्तर बस्तर कांकेर, खरसिया, बस्तर

सही - प्राधिकृत अधिकारी
कृते, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## हिस्ट्रीशीटर समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर समेत दो युवकों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया गायत्री सोनी निवासी राजीव आवास रायपुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी पीयूष बघेल एवं मुकेश उर्फ मुक्कू नायक ने चाकू से उसे डराते हुए उससे गाली-गलौज की। पुलिस ने इसके बाद पीयूष और मुक्कू को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। आरोपियों में पीयूष गोलबाजार का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है, जिसके विरुद्ध थाने में हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट, बलवा, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट के तहत आपराधिक मामले दर्ज हैं।


SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427 ; ई-मेल: crpd@sbi.co.in
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**मंडल आधारित अधिकारियों की भर्ती**

भारतीय स्टेट बैंक में नियमित आधार पर मंडल आधारित अधिकारियों के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**रिक्तियों की संख्या : 2964**
**(बैकलॉग रिक्ति सहित)**


पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, आदि), आवश्यक शुल्क, ऑनलाइन आवेदन करने एवं ऑनलाइन शुल्क भुगतान के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers पर विज्ञापन क्र. CRPD/CBO/2025-26/03 के अंतर्गत लिंक उपलब्ध हैं. अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे विस्तृत विज्ञापन देखें और आवेदन करने एवं शुल्क भुगतान करने से पहले अपने पात्रता मानदंडों और अन्य विवरणों को सुनिश्चित कर लें.

- **ऑनलाइन आवेदन दाखिल करने और शुल्क भुगतान की तिथि: 09.05.2025 से 29.05.2025 तक.**

अन्य पूछताछ के लिए कृपया "CONTACT US" →"Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers पर उपलब्ध है.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 09.05.2025 महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)


## शब्द पहेली - 5864



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 5863 का हल



## सूडोकु नवताल- 5874

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5873 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

11- MAY- COR- MAIN- Pg- 8 KHEL_Layout 1 5/11/2025 9:48 PM Page 1



# बायर्न म्यूनिख ने जीता बुंडेसलिगा खिताब



मुलर ने विदाई मैच में मनाया ट्रॉफी का जश्न

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **2-0** से मोनचेंग्लादबाक को हराया | **34वां** रिकॉर्ड खिताब बायर्न के नाम | **31वें** मिनट में हैरी केन ने दागा गोल | **25** गोल के साथ सत्र में केन शीर्ष स्कोरर | **90वें** मिनट में ओलिसे ने किया दूसरा गोल |

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी थॉमस मुलर के घरेलू मैदान पर आखिरी मैच में बोरुसिया मोनचेंग्लादबाक पर 2-0 की जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने बुंडेसलिगा (जर्मनी की शीर्ष घरेलू लीग) खिताब का जश्न मनाया। बायर्न के कप्तान मैनुअल नेउर ने ट्रॉफी उठाने के बाद उसे जर्मनी के दिग्गज खिलाड़ी मुलर को थमा दिया। मुलर ने टॉफी की ऊपर उठाकर जश्न मनाया।

बायर्न म्यूनिख के घरेलू मैदान पर जब इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने इस ट्रॉफी को पकड़ा तो एक बार फिर से भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। केन अपने करियर में कई बार खिताब के करीब पहुंच कर चूक गए हैं। यह शीर्ष स्तर पर उनके करियर की पहली ट्रॉफी है। बायर्न ने पिछले सप्ताह ही बुंडेसलिगा में रिकॉर्ड 34वां खिताब अपने नाम किया था। केन ने मैच के 31वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। वह 25 गोल के साथ लीग के मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है। माइकल ओलिसे ने 90वें मिनट में मैच का दूसरा गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।



## खबर संक्षेप



### भारतीय भारोत्तोलक देवी चौथे स्थान से निराश

**जियांगशान।** भारतीय भारोत्तोलक निरुपमा देवी को रविवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में महिलाओं की 64 किग्रा वर्ग में क्लीन एंड जर्क में दो असफल प्रयासों के कारण चौथे स्थान पर रहकर कांस्य पदक से हाथ धोना पड़ा। एशियाई युवा भारोत्तोलन चैंपियनशिप की पदक विजेता 24 वर्षीय निरुपमा देवी क्लीन एंड जर्क में 115 किग्रा ही उठा पाईं जबकि 120 किग्रा और 125 किग्रा उठाने का उनका प्रयास विफल रहा। इससे स्नैच में 91 किग्रा से उनका गैर-ओलंपिक वर्ग में कुल वजन 206 किग्रा हो गया।

### सप्तक तलवार संयुक्त 48वें स्थान पर खिसके

**गिरोना।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार यहां फॉन्टानल्स गोल्फ क्लब में 'चैलेंज डी एस्पाना' के तीसरे दौर में दो ओवर 73 के निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 48वें स्थान पर



खिसक गए। शुरुआती दो दौर में 69 और 66 का कार्ड खेलने वाले तलवार का कुल स्कोर अब पांच अंडर है। वह पहले दो दौर की लय को तीसरे दौर में जारी नहीं रख सके। वह इसमें एक बर्डी के मुकाबले तीन बोगी कर बैठे। फ्रांस के क्लेमेंट चार्मसन पांच अंडर 66 का कार्ड खेलने के बाद कुल 15 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

### ट्रैप निशानेबाज फाइनल में जगह बनाने से चूके

**निकोसिया।** भारत के ट्रैप निशानेबाजों ने आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप के व्यक्तिगत स्पर्धाओं के क्वालीफिकेशन में



शनिवार को यहां निराशाजनक प्रदर्शन किया। ओलंपियन काइनान चेनाई 17वें स्थान के साथ भारतीय निशानेबाजों में सर्वश्रेष्ठ रहे। उन्होंने आखिरी दो दौर में 24 और 23 के निशाने लगाकर कुल 117 अंक बनाए। पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में शारदुल विहान और भवनीश मेंदीरत्ता क्रमशः 62वें और 65वें स्थान पर रहे। महिलाओं की स्पर्धा में कीर्ति गुप्ता, राजेश्वरी कुमारी और सबीरा हारिस की तिकड़ी भी फाइनल में जगह बनाने में विफल रहीं।

### दर्शकों को नहीं घबराने के लिए धन्यवाद : प्रीति

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पहाड़ी शहर धर्मशाला में 'ब्लैकआउट' के चलते पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच रद्द होने के कुछ दिनों बाद अभिनेत्री और पंजाब आईपीएल टीम की सह मालिक प्रीति जिंटा ने स्टेडियम में दर्शकों को नहीं घबराने के लिए रविवार को धन्यवाद दिया। पंजाब की टीम गुरुवार को 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना चुकी थी जब बत्ती गुल हो गई।

## स्नेह राणा 15 विकेट लेकर बनीं प्लेयर ऑफ द सीरीज

# भारत बना त्रिकोणीय श्रृंखला का चैंपियन श्रीलंका को रौंदा, स्मृति मंधाना का शतक






एजेंसी ▶▶| कोलंबो

स्मृति मंधाना की आक्रामक शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के फाइनल में रविवार को यहां श्रीलंका को 97 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। मंधाना ने 101 गेंदों पर 116 रन की शानदार पारी खेली।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 342 रन का बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद स्नेह राणा के चार और अमनजोत कौर के तीन विकेट से श्रीलंका की पारी को 48.2 ओवर में 245 रनपर समेट दिया। श्रीलंका के लिए कप्तान चमारी अटापट्टू ने सबसे ज्यादा 66 गेंद 51 रन का योगदान दिया। नीलाक्षी डिसिल्वा ने 48 रन की पारी खेली। मंधाना ने 21 रन पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए अट्टापट्टू के खिलाफ लगातार चार चौके जड़कर वनडे करियर का 11वां शतक पूरा किया। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (30) के साथ 89 गेंद में 70 रन की साझेदारी टूटने के बाद मंधाना ने तेजी से रन बनाना शुरू किया। उन्होंने हरलीन देओल (47 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 106 गेंद में 120 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को देवमी विहंगा ने मंधाना को आउट कर तोड़ा।

### अर्धशतक से चूकीं बल्लेबाज

कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने इसके बाद तेजी से रन जुटाए लेकिन दोनों अर्धशतक पूरा करने से चूक गयीं। हरमनप्रीत ने 30 गेंद में चार चौके और एक छक्का की मदद से 41 रन की पारी खेली जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 123 रन बनाने वाली जेमिमा ने 29 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में चार चौके की मदद से 44 रन बनाए। दीप्ति शर्मा (नाबाद 20) और अमनजोत कौर (18 रन) ने आक्रमक रवैया जारी रखा जिससे भारत ने आखिरी 10 ओवर में 90 रन बटोर कर स्कोर को 340 रन के पार ले जाने में सफल रहा।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रतिका का वत्सला बो रनवीरा | 30 | 49 | 2 | 0 |
| मंधाना का समरविक्रमा बो विहंगा | 116 | 101 | 15 | 2 |
| हरलीन का एवं बो विहंगा | 47 | 56 | 4 | 0 |
| हरमनप्रीत का मदारा बो सुगंधिका | 41 | 30 | 4 | 1 |
| रोड्रिग्स का सिल्वा बो सुगंधिका | 44 | 29 | 4 | 0 |
| घोष का स्था. करुणारत्ने बो मदारा | 08 | 09 | 0 | 1 |
| कौर का स्था. करुणारत्ने बो मदारा | 18 | 12 | 2 | 0 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 20 | 14 | 3 | 0 |
| क्रांति गौड़ नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 18, कुल : 50 ओवर में 342/7
गेंदबाजी : मदारा 10-0-74-2, विहंगा 10-0-69-2, सुगंधिका 10-0-59-2, रनवीरा 10-0-62-1, चमारी 8-0-61-0, वत्सला 2-0-17-0.

| श्रीलंका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हसिनी परेरा बो अमनजोत | 00 | 03 | 0 | 0 |
| विष्मी गुणारत्ने बो अमनजोत | 36 | 41 | 5 | 0 |
| चमारी अटापट्टू बो राणा | 51 | 66 | 6 | 1 |
| नीलाक्षी का हरलीन बो राणा | 48 | 58 | 5 | 0 |
| हर्षिता का मंधाना बो अमनजोत | 26 | 32 | 4 | 0 |
| देवमी का स्नेह बो श्री चरणी | 04 | 06 | 1 | 0 |
| अनुष्का का अमनजोत बो राणा | 28 | 41 | 2 | 0 |
| पियूमी वत्सला रन आउट | 09 | 13 | 1 | 0 |
| सुगंधिका कुमारी रन आउट | 27 | 29 | 5 | 0 |
| मलकी मदारा बो राणा | 00 | 01 | 0 | 0 |
| इनोका रनवीरा नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 16, कुल : 48.2 ओवर में 245/10
गेंदबाजी : अमनजोत 8-0-54-3, क्रांति गौड़ 5-0-22-0, दीप्ति 10-0-43-0, श्री चरणी 10-0-55-1, स्नेह राणा 9.2-1-38-4, प्रतिका 5-0-18-0, हरलीन 1-0-12-0.

## ला लिगा

# सोरलोथ की सबसे तेज हैट्रिक

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना



एटलेटिको मैड्रिड के स्ट्राइकर अलेक्जेंडर सोरलोथ ने शुरुआती आधे घंटे में चार गोल करने के दौरान ला लिगा के इतिहास में सबसे तेज हैट्रिक का रिकॉर्ड बनाया, जिससे रियल सोसिएदाद को 4-0 से करारी शिकस्त मिली। नार्वे के इस स्ट्राइकर ने मैड्रिड के मेट्रोपॉलिटन स्टेडियम में सातवें, 10वें और 11वें मिनट में गोल करके हैट्रिक पूरी की। 'ऑप्टा स्टैटिस्टिक्स' के अनुसार उनका यह हैट्रिक गोल ला लिगा में अब तक का सबसे तेज था। पिछला रिकॉर्ड 1941 में एडमंडो सुआरेज डी ट्रैबांको के नाम था जिन्होंने शुरुआती 15 मिनट में तीन गोल किए थे। इस जीत से एटलेटिको मैड्रिड ने 35 मैचों में 70 अंक के साथ तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की।

# ईपीएल : सिटी को कमजोर साउथेम्प्टन ने बराबरी पर रोका



**लंदन।** एरलिंग हालैंड की लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी भी मैनचेस्टर सिटी को इंग्लिश प्रीमियर लीग में जीत दिलाने में विफल रही। पहले ही रेलीगेट (निचली लीग में खिसकना) हो चुकी साउथेम्प्टन ने उसे गोलरहित बराबरी पर रोक दिया। इस परिणाम के बाद मैनचेस्टर सिटी के लिए चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करना भी अधर में लटक गया। टीम पिछले कई सत्रों से आसानी से चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई कर ले रही थी लेकिन अब उसे अपने बचे हुए दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने के साथ अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। सिटी की टीम 36 मैचों में 65 अंक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के नाम 35 मैचों में 67 अंक है। खिताब पक्का कर चुकी लिवरपूल 82 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

## तीरंदाजी विश्व कप

# दीपिका, सालुंखे ने जीता कांस्य सात पदक से अभियान खत्म



एजेंसी ▶▶| शंघाई

भारत की सबसे सफल तीरंदाज दीपिका कुमारी सेमीफाइनल में मिली हार के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण दो की रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना सम्मान बचाने में सफल रही जबकि पार्थ सालुंखे ने पहली बार पोडियम पर जगह बनाई। भारत का अभियान इस तरह से सात पदकों के साथ खत्म हुआ।

कम्पाउंड तीरंदाजों ने इससे पहले शनिवार को दो स्वर्ण के साथ पांच पदक जीतकर दबदबा कायम किया था। इसमें तीन पदक में मधुरा धामनगंकर का योगदान रहा। उन्होंने व्यक्तिगत स्वर्ण के साथ महिला और मिश्रित टीम में पदक जीत कर तीन साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी का जश्न मनाया। दीपिका को अंतिम चार मैच में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी लिम सिहियोन ने महिला रिकर्व व्यक्तिगत मुकाबले में 7-1 के अंतर से हराया।

### दीपिका ने पोडियम पर बनाई जगह

*भारत की 30 साल की तीरंदाज ने हालांकि सेमीफाइनल की निराशा को पीछे छोड़ते हुए कांस्य पदक के मैच में कोरिया की एक अन्य खिलाड़ी कांग चेन योंग के खिलाफ 7-3 की जीत के साथ पोडियम पर अपनी जगह पक्की की। दीपिका ने सेमीफाइनल में हार का सामना करने के बाद कांस्य पदक के मैच में अधिक धैर्य और रणनीतिक स्पष्टता दिखाई। पहला सेट 27-27 से बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन दीपिका ने दूसरे सेट में 28 अंक बनाकर 3-1 की बढ़त बना ली। पूर्व विश्व चैंपियन कांग ने हालांकि वापसी करते हुए दीपिका के 27 के मुकाबले 30 अंक के साथ स्कोर को 3-3 से बराबर कर दिया। चार बार ओलंपिक खेल चुकी दीपिका ने अनुभव का शानदार इस्तेमाल करते हुए तीनों निशाना 10 अंक पर साध कर 5-3 की बढ़त कायम की। उन्होंने इसके बाद कांग के 28 के मुकाबले 29 अंक जुटाते हुए अपनी जीत पक्की कर ली।*

### सालुंखे ने दिलाया 7वां पदक

*पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में क्वालीफाइंग में 60वें स्थान पर रहने वाले पार्थ सालुंखे ने कांस्य पदक जीतकर देश का सातवां पदक पक्का किया। इस 21 साल के खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में कोरिया के दिग्गज किम वूजिन से हार के बाद शानदार वापसी करते हुए उच्च वरीयता प्राप्त फ्रांस के तीरंदाज बैपटिस्ट एडिस को पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 6-4 से हराकर अपना पहला विश्व कप पदक जीता।*

## नीरज दोहा डाइमंड लीग में पेश करेंगे चुनौती

**दोहा।** स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 16 मई को प्रतिष्ठित डाइमंड लीग प्रतियोगिता के दोहा चरण में तीन अन्य हमवतन खिलाड़ियों के साथ हिस्सा लेंगे। यह किसी डाइमंड लीग प्रतियोगिता में भारत के सबसे अधिक प्रतिभागी हैं। यहां 2023 (88.67 मीटर) में खिताब जीतने और 2024 (88.36 मीटर) में दूसरे स्थान पर रहे नीरज पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में किशोर जेना के साथ हिस्सा लेंगे। जेना ने 2024 में भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था और 76.31 मीटर के थ्रो के साथ नौवें स्थान पर रहे थे। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में कई स्टार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जिसमें दो बार के विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स, 2024 के विजेता चेक गणराज्य के जेकब वाडलेच, जर्मनी के जूलियन वेबर और मैक्स डेहनिंग, कीनियर के जूलियस येगो और जापान के रोडरिक जेनकी डीन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।



# रिकी पोंटिंग से बातचीत के बाद विदेशी खिलाड़ी भारत में रूके

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम लागू होने पर स्वदेश के लिए उड़ान भरने वाले थे लेकिन वह अंतिम समय में विमान से उतर गए। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज के पास ऑस्ट्रेलिया वापस जाने का विकल्प था लेकिन उन्होंने चिंतित यात्रियों से भरे विमान से अंतिम समय में उतरने का फैसला किया।

पोंटिंग दिल्ली में ही रुके और उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि पंजाब किंग्स के विदेशी खिलाड़ी शनिवार रात राष्ट्रीय राजधानी से उड़ान नहीं भरें जो दो परमाणु-सशस्त्र देशों के बीच युद्ध की संभावना को देखते हुए चिंतित थे। पंजाब किंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश मेनन ने विश्व कप विजेता कप्तान द्वारा विदेशी खिलाड़ियों के पूरे ग्रुप से की गई प्रेरणादायी बातचीत का जिक्र करते हुए कहा, 'यह पोंटिंग का व्यक्तित्व दर्शाता है। केवल वही ऐसा कर सकते थे।' आईपीएल का आठ मई को मैच रद्द होने के बाद धर्मशाला से दिल्ली तक की ट्रेन यात्रा करने वाले खिलाड़ियों के ग्रुप में मार्कस स्टोइनिस, आरोन हार्डी, जोश इंगलिस और जेवियर बार्टलेट (सभी ऑस्ट्रेलिया से) शामिल थे। टीम के एक सूत्र ने कहा, 'विदेशी खिलाड़ियों को इस तरह की स्थिति की आदत नहीं है।

## सिनर ने डोपिंग प्रतिबंध से वापसी मैच में दर्ज की जीत

**रोम।** तीन महीने का डोपिंग प्रतिबंध पूरा करके लगभग 100 दिनों के बाद अपना पहला मुकाबला खेल रहे यानिक सिनर ने इटालियन ओपन टेनिस के पहले दौर में मारियानो नवोन को हराकर शानदार वापसी की। सिनर ने घरेलू सरजमीं पर लगभग 10,500 दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज नवोन को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया। सिनर का यह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद से पहला मैच था। सिनर ने कहा, 'अद्भुत एहसास। मैंने इस पल का बहुत लंबे समय से इंतजार किया था।' सिनक की यह लगातार 22वीं जीत है। वह पिछले साल अक्टूबर से अजेय है। सिनर के सामने अब विश्व रैंकिंग में 93 वें स्थान पर काबिज नीदरलैंड के क्वालीफायर जेसपर डे जोंग की चुनौती होगी। जोंग ने 25वीं वरीयता प्राप्त पर काबिज एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-0, 6-2 से हराया।

## कोलकाता से बाहर हो सकता है फाइनल मुकाबला

# आईपीएल 16 या 17 मई से शुरू होने की संभावना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण स्थगित इंडियन प्रीमियर लीग 16 या 17 मई को फिर से शुरू हो सकती है और इसके फाइनल का आयोजन कोलकाता से बाहर किए जाने की संभावना है।

शनिवार को संघर्ष विराम की घोषणा ने लीग को फिर से शुरू करने की उम्मीद जगा दी है जिसे नौ मई को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। आईपीएल संचालन परिषद के सदस्यों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने लीग को फिर से शुरू करने की योजना पर रविवार को चर्चा की। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि बोर्ड अब भी उपयुक्त कार्यक्रम बनाने पर काम कर रहा है। शुक्ला ने कहा, 'अभी तक आईपीएल पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। बीसीसीआई अधिकारी समाधान पर काम कर रहे हैं। बीसीसीआई सचिव, आईपीएल अध्यक्ष फ्रेंचाइजी और सभी के साथ बातचीत कर रहे हैं इसलिए बहुत जल्द हमें निर्णय के बारे में पता चल जाएगा। टूर्नामेंट को जल्द से जल्द फिर से शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।'




### चार शहरों में ही होंगे मैच

शुक्ला ने कहा, 'सबसे अधिक संभावना है कि मैच चार स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे और दिल्ली तथा धर्मशाला को और मैचों की मेजबानी नहीं मिलेगी। इन स्थानों से सभी उपकरण पहले ही हटा दिए गए हैं।' सूत्र ने यह भी कहा कि क्वालीफायर एक और एलिमिनेटर के लिए स्थल में कोई बदलाव नहीं होगा जिसकी मेजबानी हैदराबाद को करनी थी लेकिन कोलकाता संभवतः एक जून को होने वाले फाइनल की मेजबानी से चूक सकता है क्योंकि उस दिन शहर में बारिश का पूर्वानुमान है।

### सरकार की मंजूरी जरूरी

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'अगले कुछ दिनों में हम लीग के शेष मैचों की मेजबानी करने वाली फ्रेंचाइजी, प्रसारकों, प्रायोजकों और राज्य संघों के साथ परामर्श शुरू करेंगे। इस समय आईपीएल के महत्व को देखते हुए इसे फिर से शुरू करने के समय को अंतिम रूप देने से पहले भारत सरकार की मंजूरी लेना भी विवेकपूर्ण और आवश्यक होगा।' यह संभव है कि पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स को बृहस्पतिवार को रद्द हुए मैच के लिए एक-एक अंक दिया जाए।

# पर्सनल लोन नहीं चुकाने पर हो सकती है जेल? बैंक ग्राहक के खिलाफ लेते हैं एक्शन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

किसी को भी अचानक पैसों की जरूरत पड़ सकती है। अगर आपके पास इमरजेंसी फंड और बचत नहीं है, तो आपको कर्ज लेने की नौबत आ जाती है। ऐसे में लोग पर्सनल लोन लेते हैं। ध्यान रखें कि पर्सनल लोन सबसे अधिक ब्याज दर वाला लोन होता है। इसलिए कोई दूसरा विकल्प नहीं बचे तब ही पर्सनल लोन की तरफ जाना चाहिए। कई बार लोग अपने शौक पूरे करने या शेयर मार्केट में पैसा लगाने के लिए पर्सनल लोन ले लेते हैं। फिर वे अपने बैंक लोन को चुका नहीं पाते हैं। अगर आप पर्सनल लोन नहीं चुका पाए तो बैंक क्या-क्या कर सकता है। जब ग्राहक बैंक के द्वारा बार-बार चेताने पर भी लोन नहीं भरे, तो बैंक लीगल एक्शन ले सकता है।

■ ग्राहक के खिलाफ सिविल मुकदमा दाखिल किया जा सकता है

## पर्सनल लोन सबसे अधिक ब्याज दर वाला लोन होता है




### लोन रिकवरी एजेंट

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के अनुसार, जब लोन देने वाला बैंक किसी व्यक्ति से कर्ज की राशि वसूलने में असमर्थ होते हैं, तो वे वसूली के लिए डेट कलेक्शन एजेंसियों को नियुक्त कर सकते हैं। डेट कलेक्शन एजेंसी के रिकवरी एजेंट कर्ज न चुकाने वाले व्यक्ति के साथ उत्पीड़न कर सकते हैं, जिससे काफी तनाव और चिंता हो सकती है। कई मामलों में हालत काफी बिगड़ भी जाते हैं।

### सिबिल स्कोर हो जाएगा खराब

आप जब किसी बैंक का लोन नहीं चुका पाते हैं, तो आपका सबिल स्कोर बुरी तरह खराब हो जाएगा। इससे फ्यूचर में आपको किसी भी बैंक से लोन मिलने में बहुत परेशानी होगी। कोई बैंक लोन देने को तैयार भी हुआ तो काफी अधिक ब्याज दर वाली डील मिलेगी।

# भारत-ब्रिटेन एफटीए से लक्जरी कार की कीमतों पर विशेष असर नहीं : कंपनियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मर्सिडीज-बेंज इंडिया और बीएमडब्ल्यू ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को एक सकारात्मक घटनाक्रम बताते हुए कहा है कि इससे देश में लक्जरी कार की कीमतों पर विशेष असर नहीं पड़ेगा।

पिछले सप्ताह भारत और ब्रिटेन ने एक ऐतिहासिक व्यापार करार पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क कम होगा और ब्रिटिश कंपनियों के लिए भारत में व्हिस्की, कार और अन्य उत्पादों का निर्यात करना आसान हो जाएगा। इस करार का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार को 2030 तक दोगुना कर 120 अरब डॉलर पर पहुंचाना है। अभी द्विपक्षीय व्यापार 60 अरब डॉलर है।

### समझौते में पर्याप्त सुरक्षा उपाय शामिल

भारत ने अपने संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा के लिए समझौते में पर्याप्त सुरक्षा उपाय शामिल किए हैं और वाहन क्षेत्र में आयात शुल्क 10-15 साल में कम किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 'सबूत' का दम,...

हैं। डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा 8-9 मई की रात को, पाकिस्तान ने सीमाओं के पार हमारे हवाई क्षेत्र में ड्रोन और विमान भेजने की हिमाकत की। बड़े पैमाने पर बुनियादी सैन्य ढांचे को निशाना बनाने के कई असफल प्रयास किए गए। पाकिस्तान ने जब नियंत्रण रेखा पर फिर से उल्लंघन किया तो भारत ने आर्टिलरी फायरिंग से मुंहतोड़ जवाब दिया। डीजीएमओ ने बताया कि भारतीय सेना ने किसी भी पाकिस्तानी विमान को भारतीय सीमा में नहीं घुसने दिया, लेकिन इस समय इतना जरूर कह सकते हैं कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई अत्याधुनिक विमानों को मार गिराया।
डीजीएमओ राजीव घई ने बताया, सेना ने सीमा पार के आतंकी परिदृश्य को समझने के लिए बहुत मेहनत की। सुरक्षाबलों ने सूक्ष्मता से काम किया और आतंकी शिविरों और प्रशिक्षण स्थलों की पहचान की। कार्रवाई करने के लिए कई जगहें सामने आईं, लेकिन हमने गहन विचार-विमर्श किया, हमें एहसास हुआ कि इनमें से कुछ आतंकी केंद्र अब मौजूद नहीं हैं।

### अब राज्य औद्योगिक ...

सदस्य को कर्तव्य के निष्पादन में या कर्तव्य के निर्वहन से रोकने या भयभीत करने के इरादे से रोके या किसी प्रकार से बाधा पैदा करे, या ऐसा करने का प्रयास करे। उसे बिना वारंट के गिरफ्तार करने का अधिकार इस बल को होगा।

### तेंदूपत्ता तोड़ने गई ...

पास मेंढमाल गांव के जंगल में हुई। वन्यजीव विशेषज्ञों ने बताया कि ऐसा पहली बार हुआ है, जब एक बाघ ने एक ही हमले में बारी-बारी से तीन लोगों को मार डाला और एक को घायल कर दिया। बताया गया कि गांव के कुछ महिलाएं तेंदूपत्ता इकट्ठा करने जंगल में गई हुई थीं। तभी एक बाघ ने उन पर हमला कर दिया।

**ये हुए हताहत-**
मृतकों की पहचान कांताबाई चौधरी (55), उनकी बहू शुभांगी चौधरी (30) और सारिका शेंडे (50) के रूप में हुई है। एक चौथी महिला भी गंभीर रूप से घायल हो गई है, जिसकी पहचान महाराष्ट्र वन महकमे ने अभी तक नहीं बताया है। शव डोंगांव बीट के कंपार्टमेंट नंबर 1355 में पाए गए, जो सिंदेवाही महाराष्ट्र से 8 किमी दूर है।

**बाघ की पहचान के लिए लगी टीमें-**
घटना के तुरंत बाद महाराष्ट्र चंद्रपुर जिले के वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया। वन विभाग ने बाघ की पहचान करने के लिए इलाके में कैमरे लगाए हैं।

### कंटेनर में सिलेंडर...

अली (25) तथा शादाब अली (22) वर्ष के रूप में की गई है। मजदूर शालीमार कंपनी के सड़क निर्माण कार्य से जुड़े हुए थे। पुलिस अफसर के अनुसार, कंटेनर बाहर से बंद था और एक खिड़की थी, जो बाहर से बंद थी। जिन दो मजदूरों की मौत हुई है, वे दोनों खाना बनाने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान सिलेंडर ब्लास्ट हुआ और कंटेनर के अंदर धुंआ भर गया। इस वजह से परमान तथा एक अन्य मजदूर बेहोश हो गए। तीसरा मजदूर कंटेनर के अंदर ही था, लेकिन वह सिलेंडर से काफी दूर था। इस वजह से वह बेहोश नहीं हुआ। सिलेंडर ब्लास्ट होने के बाद तीसरा मजदूर अंदर से अपने अन्य साथी मजदूरों को आवाज लगाकर खिड़की खुलवाया और खिड़की के रास्ते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।

**शेड उड़ने की वजह से कंटेनर में व्यवस्था-**
मजदूरों के रुकने की व्यवस्था पूर्व में झोपड़ी एवं टिन के शेड बनाकर की गई थी। 10 दिन पूर्व आए आंधी-तूफान से मजदूरों का शेड उड़ गया, इस वजह से मजदूरों के रुकने की व्यवस्था कंटेनर में की गई थी। सिलेंडर मेब्लास्ट होने की वजह से कंटेनर काफी क्षतिग्रस्त हो गया। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया।

### 14 साल की छात्रा ...

चला कि वह करीब 8 महीने के गर्भ से है। इसके बाद वहीं उसकी डिलीवरी कराई गई। छात्रा ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। बाद में उसने जामगांव आर थाने पहुंचकर इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नकुल साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ 4 सीएचएल, 65 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

**छात्रा में खुद बचपना, बच्चे को अपने भाई की तरह पाल रही-**
परिजनों ने बताया कि छात्रा में इस समय खुद बचपना है। उसे इस बारे में कुछ भी समझ नहीं आ रहा है। छात्रा की 4 और बहने एक भी भाई नहीं था। अब बच्चे को पांचों बहनों ने भाई बनाकर पालना शुरू कर दिया है। गांव और परिवार के लोगों को भी इस बारे में जानकारी नहीं दी गई है।

### अब हर पुस्तक पर...

वितरण तक की पूरी प्रक्रिया पर निगरानी रखी जा सकेगी। हर साल लाखों की मात्रा में किताबें छापी जाती है। बावजूद शिकायत रहती है कि बच्चों को समय पर किताबें नहीं मिली। पिछले साल सरकारी स्कूल की हजारों किताबें रद्दी में पाया गया था। ऐसी गड़बड़ी ना हो और जरूरत के हिसाब से ही पुस्तक छापे जाए। इसके लिए यह नई तकनीक राज्य सरकारों और पाठ्यपुस्तक निगम ने आईआईटी के साथ मिलकर सुनिश्चित किया है। इस बुक ट्रैकिंग सिस्टम की मदद से किताबें समय से पहले छात्रों तक पहुंच जाएगी। बीच में किसी भी प्रकार की देरी या गड़बड़ी को तुरंत ट्रैक किया जा सकेगा। प्रत्येक पुस्तक पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करके यह पता लगाया जा सकेगा कि वह किताब कब और कहां छपी, किस स्कूल को भेजी गई और कितने समय में छात्र तक पहुंची। ऐसा प्रदेश में पहली बार हो रहा है। इस पर आईआईटी भिलाई ने काम भी शुरू कर दिया है। यह सिस्टम न केवल पारदर्शिता बढ़ाएगा, बल्कि लाखों छात्रों को समय पर पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके जरिये डाटा भी संकलित किया जाएगा, जो भविष्य में वितरण प्रक्रिया को और बेहतर बनाने में उपयोगी रहेगा।

### स्कैन करके इशू ...

दिखेगा कि किस स्कूल ने कितना बुक इशू करा लिया है। किस स्कूल ने नहीं कराया है। इस तरह से पूरे प्रदेश के 56 हजार सरकारी स्कूल के करीब ढाई लाख बच्चों को दिए जाने वाली किताबों, 24 पब्लिशर, 6 डिपो सभी के एक-एक बुक और एक-एक बच्चे को किताब मिली की नहीं। इसका पूरा रिकार्ड रहेगा।

### 3 करोड़ किताबें ....

तक भेजी जाएगी। इससे अतिरिक्त पुस्तक छापकर शासन को जो नुकसान होता था, वह नहीं होगा।

### मोबाइल ऐप बनाएं ...

करने से किताब को ट्रैक किया जा सकेगा। जैसे ऑनलाइन शॉपिंग के बाद हम अपने आर्डर को ट्रैक करते हैं।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425



बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने, सामान पैक करने, लाने लेजाने हेतु डिलीवरी ब्वॉय चाहिए योग्यता 12वीं, वेतन 9000-10000 पता- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी गुम्बर पेट्रोल पम्प के सामने व्यापार विहार रोड बिलासपुर (37708)

**आवश्यकता है-** केन्ट आरओ सर्विस सेन्टर में काम करने के लिए सर्विस टेक्नीशियन युवकों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- साई ट्रेडर्स, श्याम प्लाजा, नूतन चौक सरकंडा बिलासपुर 07752411492 95895 83987 9770491492 (37714)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- बिलासपुर 9407649113 (37716)

**आवश्यकता है-** शादी भवन में कार्य करने हेतु हाउस कीपिंग सुपरवाइजर (युवक, युवती) की शीघ्र आवश्यकता है सम्पर्क करें- पल्लव भवन रिंग रोड नम्बर 2, गौरव पथ बिलासपुर (37717)

**आवश्यकता है-** एक प्रतिष्ठित कंपनी में कर्मचारियों की जो (1) टेली में अकाउंट का काम जानता हो-2 (2) कार्मिक विभाग का काम जानता हो-3 (3) स्टोर विभाग का काम जानता हो-4 सैलरी योग्यता अनुसार 5अंको में देय होगी कृपया सम्पर्क करें- 087190 04900 (37713)

**आवश्यकता है-** ईंट जोड़ाई, प्लास्टर कार्य एवं बिल्डिंग मटेरियल को बिल्डिंग ऊपर चढ़ाने हेतु लेबर, मिस्त्री, ठेकेदार, एक सुपरवाइजर चाहिए। सम्पर्क करें- उसलापुर मार्केट के सामने, गोकने नाला के पास 9098546135, 7000 737657 (37703)

**आवश्यकता है-** घर के देखरेख हेतु गार्ड चाहिए।पुरूष, महिला या छोटी फैमिली, वही रहकर कार्य करना है रहने की सुविधा दी जाएगी। पहचान पत्र के साथ सम्पर्क करें- नेहरू नगर बिलासपुर 9753301111 (37704)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**आवश्यकता है-** सुरक्षागार्ड, गनमैन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कामवाली बाई चाहिए वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291, 80852 33213, 8518099289, 7417526041 (37705)

**आवश्यकता है-** सलाह सर्विसेस ऑफिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर, टेली कालिंग, फील्ड कार्य हेतु स्टाफ की। वेतन- 6000 से 15000 पता- सेकेंड फ्लोर, लैण्डमार्क कम्प्लेक्स, करबला रोड, पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर 62690 20001, 6269020002 (37698)

**आवश्यकता है-** होटल में कार्य करने हेतु कुशल मिस्त्री एवं रोटी बनाने तथा बर्तन धोने के लिए बाई की तत्काल आवश्यकता है सम्पर्क करें- फुड जोन ईदगाह रोड बिलासपुर 9039791624 (37693)

**आवश्यकता है-** ज्वेलरी शॉप हेतु आवश्यकता है सदर बाजार, मेन रोड बिलासपुर कमला सतीश्री ज्वैलर्स हनुमान मन्दिर के बगल बर्तन लाइन (1) मैनेजर- 1पद (MBA को प्राथमिकता) (2) बिलिंग कार्य- 2पद (3) सेल्स हेतु- सेल्समेन/ सेल्सगर्ल- 4पद वेतन योग्यतानुसार अनुभवी सम्पर्क करें- 9827174256, 9907901110 (कॉल करके आयें) (37706)

**आवश्यकता है-** घर में बच्चे की देखभाल हेतु एक महिला, ऑफिस में कार्य हेतु एक सुपरवाईजर एवं एक ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर 9827959907 (37709)

**आवश्यकता है-** साफ सफाई के कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है। संपर्क करें - पल्लव भवन रिंग रोड-2 बिलासपुर (37695)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर स्थित प्रतिष्ठित सीए फर्म में 12वीं पास अनुभवी प्यून की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- रियल बिजनेस आर्केड, थर्ड फ्लोर ऑफिस मंगला चौक बिलासपुर 9727167025, 9340740457 (37684)

**आवश्यकता है-** फिरोजाबाद बैंगल स्टोर चूड़ी एवं मनिहारी दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। समय सुबह 9.30 से रात 9 बजे तक सम्पर्क करें- तेलीपारा बिलासपुर 9425538825 (37697)

**आवश्यकता है-** स्पोर्ट्स शोरूम में काम करने हेतु लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री लक्ष्मी स्पोर्ट्स गोंड़पारा बिलासपुर (37689)

**आवश्यकता है-** Udyog Bazaar E-Commerce को Branch Manager, Service, Manager, UBC Counselor, Development Officer, Field Officer, Packaging Staff, Computer Operator, Social Media Operator, Web Developer, Video Editor, Service Incharge, Tele Caller, Offce Boy की आवश्यकता है वेतन 10000 से 35000 Contact- A/216 Narayan Plaza, Bilaspur 6269222001 (37700)

**आवश्यकता है-** स्टेशनरी, बैग, आफिस सामान की थोक बिक्री हेतू अनुभवी मेहनती सेल्स स्टाफ लड़के/ लड़कियां चाहिए वेतन+ इंसेंटिव योग्यतानुसार। इंटरव्यू हेतु आधार सहित मिले- राधेश्याम स्टेशनरी सरजू बगीचा रोड तेलीपारा बिलासपुर (37679)

**आवश्यकता है-**(1) कंस्ट्रक्शन ऑफिस में कार्य हेतु साइट सुपरवाइजर, साइट इंजीनियर (2) रियल एस्टेट टेलीकालिंग, सेल्स अनुभवी एक्जीक्यूटिव युवती की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 (37450)

**आवश्यकता है-**UTN Shop में मार्केटिंग कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 10000 से 150000 सम्पर्क करें- शॉप नं.-16 फर्स्ट फ्लोर सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7806007192, 79995 94790, 07752491771 (37643)

**आवश्यकता है-** (1) माजदा ड्राइवर-2 (2) ऑफिस में काम करने हेतु लेबर-4 (3) पिकअप ड्राइवर-2 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सिरगिटी रोड बबल आइलैंड के सामने प्रतीक आटो मोबाइल बिलासपुर 8827773222, 9425530065 (37694)

**आवश्यकता है-** मोबाइल दुकान में मल्टीमीडिया मार्केटिंग सेल्स कार्य हेतु दो युवकों की आवश्यकता है योग्यता ग्रेजुएट वेतन 15000 से 25000 सम्पर्क करें- हरमन सेल्स, पंजाबी कालोनी दयालबंद बिलासपुर 70003 22243 (37675)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु सेल्समैन एवं लड़को की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार 8000 से 15000 सम्पर्क करें- टायर सेन्टर विनायक नेत्रालय के बाजू में अग्रसेन चौक, बिलासपुर (37676)

**आवश्यकता है-** महिला कम्प्यूटर, टैली एकाउंट, हिन्दी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग, पीए, महिला आफिस वर्क, पुरुष- मेडिकल मशीन/ऑर्थोपेडिक समान मार्केटिंग, सर्विस, 14000- 25000, पता- भारत मेडिकल सिस्टम MIG-70, नेहरू नगर, बिलासपुर 93266 09234 (37678)

**आवश्यकता है-** फुटवियर शॉप में कार्य करने हेतु अनुभवी मैनेजर, सेल्समेन सेल्सगर्ल सेल्समैनशिप, एकाउन्ट हेतु चाहिए बॉयोडाटा सहित सम्पर्क करें- चरण स्पर्श शू मॉल रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने बिलासपुर 93003 00333, 07752407333 (37680)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर, सम्पर्क करें- तिरंगा चौक साईं मंदिर के पास बिलासपुर 8962819734, 9691610438 (7341)

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर रहकर ऑफिस कार्य करने हेतु 18 से 25वर्ष के लड़कों की आवश्यकता है सैलरी 7000+ रहना खाना फ्री, कमीशन+ बोनस एक्स्ट्रा, सम्पर्क करें- मंदिर चौक बिलासपुर 6266328817 (7343)

**आवश्यकता है-** पेन्ट दुकान में कार्य करने हेतु लड़के की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता, फ्रेशर की भी आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार ड्राईवर भी आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8319429937 (37688)

**आवश्यकता है-** ज्वेलरी शॉप में काम करने के लिए लड़के एवं लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- शर्लिन ज्वेलर्स सदर बाजार, बिलासपुर 982715 0538, 9165345678 (37686)

**आवश्यकता है-**रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5, 8, 10 पास हाईट 5'-6" इंच, 4 फोटो आधार कार्ड सहित मिले रहने खाने की सुविधा वेतन 14500 से 19000 सम्पर्क करें-81090 70600 (7086)

**आवश्यकता है-** बजाज ऑटो फाइनेन्स लिमिटेड कैश कलेक्शन ईएमआई (फील्ड वर्क) हेतु लड़कों एवं टेली कॉलिंग (ऑफिस वर्क) हेतु लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7999970000, 9827998279 (37681)

**आवश्यकता है-**सुरक्षागार्ड, सुपरवाइजर, फिल्ड अधिकारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, योग्यता 10वीं से स्नातकोत्तर, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, भर्ती कार्यालय- साकरा चौक सिलतरा रायपुर, सिटी ऑफिस- 434 चतुर्थ तल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर (छ.ग.) 7746000016, 77470 00019, 77470 00016, 7746000019 (074)

**आवश्यकता है-**कॉस्मेटिक सामान की दुकान में अनुभवी लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- विशाल कॉस्मेटिक अपो. बजरंग काम्प्लेक्स, शारदा होटल के बगल में मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 92000 55441, 9827955441 (37648)

**आवश्यकता है-**कपड़े के शोरूम में कार्य करने के लिए दो अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 11000 तक सम्पर्क करें- रूपवर्षा, गोल बाजार सिटी कोतवाली के सामने बिलासपुर 9827163669 (37651)

**आवश्यकता है-** सब्जी मण्डी में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है (काम का समय सुबह 6बजे से) योग्यता 10वीं/ 12वीं, सम्पर्क करें- 9617118009 (सम्पर्क समय शाम 5 से 7बजे तक) (37690)

**आवश्यकता है-** सन्तेज सोलर प्राइवेट लिमिटेड रायपुर में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ हेतु चैनल पार्टनर के लिए लड़के,/ लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9302265992, 7987422370 (7352)

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग हेतु 18 से 35वर्ष की लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है। वेतन 5000 से 20000 सम्पर्क करें- मंदिर चौक प्रोटीन वर्ल्ड के पास बिलासपुर 74703 28986 (7342)

**आवश्यकता है-**सुरक्षागार्ड 50 उंचाई 5'-5" योग्यता 5वी से 12वीं वेतन 12000 से 19500 तक ESIC, PF, Bonus और रहना फ्री खाने की सुविधा दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10वीं अंक सूची बैंक पास बुक 8 पासपोर्ट फोटो सम्पर्क करें- शाप नं-8 प्रथम तल कमला सुपर बाजार तेलघानी चौक, रायपुर (छ.ग.) 077140 36689, 97703 04037, 8120957510 (046)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों व महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 28 वर्ष तक वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें- मंदिर चौक बिलासपुर 70003 22273 (7348)

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान मे काम के लिये लड़को की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मेलाराम हेमन्त कुमार मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7999934599 (37696)

**आवश्यकता है-** कार ड्राइवर की उम्र, 18-28 ड्यूटी टाइम 10:30 से 8:30 बजे तक वेतन 15000/-देवपुरी रायपुर संपर्कः- 9302708426, 8448107841 (662)

## बेचना है

**बेचना है-** लगरा में RTO आफिस के पास मेन रोड पर 13700 वर्गफीट का कमर्शियल प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 6267186441, 97552 21821, 8224985058 (37653)

**बेचना है-** उसलापुर रेलवे स्टेशन से 200 मीटर दूर सहकारी शिक्षा गृह निर्माण कॉलोनी 40×60= 2400 वर्गफीट डबल रोड उत्तर पूर्व मुखी प्लाट 35 फीट सीसी रोड, डायवर्सन, लेआउट। सम्पर्क 9993770950 (37692)

**बेचना है-**तखतपुर मेन रोड पर पुराना बस स्टैण्ड पर स्थित 20×70 वर्गफीट में बना सर्व सुविधा युक्त मकान एवं टिकरीपारा तखतपुर में 82 डिसमिल जमीन अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 79990 75751 (37645)

**बेचना है-** विद्या नगर जैन हॉस्टल के पास 15×75 का पुराना मकान, तखत- 2, आलमारी (लकड़ी की) बेचना है सम्पर्क करें- बिलासपुर 9826956859 (37683)

**बेचना है-** आशाबन, बिरकोना रोड, तृप्ति नगर कॉलोनी अशोक नगर मेन रोड से दो प्लॉट अन्दर 25 फीट चौड़ी सड़क में प्लॉट 50×60 ख.नं- 554/38 एवं मोपका में तिरंगा चौक से 300 मीटर दूर, मेन रोड से एक प्लॉट बाद स्थित प्लाट ख.नं- 1053/358 प्लाट साइज 80×60 बेचना है खरीददार ही सम्पर्क करें- 8770087288 (37691)

**बेचना है-** 77 का फ्रंट 3405 फुट में बना पुराना मकान, डॉक्टर एसके तिवारी के बगल में नेहरू चौक के पास TNC एप्रूव्ड चितले कॉलोनी में बेचना है सम्पर्क करें- 9131452265, 8770963388 (37715)

**बेचना है-** रायपुर, भनपुरी उरकुरा रेल्वे स्टेशन सामने 127192 फीट CSID की जगह जिसमें 60000 फीट कंस्ट्रक्शन किया है 12000 फीट नया हैवी शेड+ 48000 फीट RCC कंस्ट्रक्शन का नया गोदाम+ ऑफिस बना है जीई रोड, रविशंकर यूनिवर्सिटी के पास 32000 फीट जगह जिसमें 23000 फी RCC ऑफिस गोदाम दोनों तुरन्त बेचना है सम्पर्क करें- 9826850000 (337)

**बेचना है-**ब्रिलियंट स्कूल के पास बहतराई बिलासपुर में सीसी रोड, नाली, बिजली, डायवर्सन कॉलोनी में प्लॉट एवं मकान उपलब्ध हैं रेल्वे स्टेशन अपोलो हॉस्पिटल SECL मुख्यालय से मात्र 5 मिनट की दूरी सम्पर्क करें- 8319251951, 78282 25044 (054)

Medicare Specialists
समस्या का स्थाई समाधान केवल आयुर्वेद में
● क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण जन्य रोग हैं हेपाटाइटिस (ABC) या हर्पिस रोग स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना खुजली, लाल होना, रुबेला, या सिफलिस, गोनेरिया (सूजाक), HIV (AIDS) रोग है।
● समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस सिर एवं शरीर से ताँबे रंग के छिलके, रूसी, जोड़ों में दर्द, उँगलियो का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना।
● समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग ध्यान रहें पुरुष के प्रकृति जन्य (इंद्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। सावधान!
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659
9617789223, 9303242200
गुप्त रोगो का सफल ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी
लिंग में छोटापन।
शीघ्र पतन
पेशाब से धातू जाना।
लिंग में ढीलापन,
शुक्राणु की कमी।
शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
निःसंतान दम्पत्ति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

**बेचना है-** आर्या कॉलोनी तिफरा स्थित 3 मंजिला 4BHK स्वतंत्र मकान स्वयं का बोर सहित सर्व सुविधा युक्त मकान बेचना है (व्हाट्स पर वीडियो फोटो उपलब्ध) सम्पर्क करें- 9479170222, 9329407603 (37711)

**बेचना है-** रतनपुर केरा तालाब से लगा हुआ पूर्व मुखी 20 फीट रोड 44×55= 2420 वर्ग फीट प्लाट अतिशीघ्र बेचना है खरीददार ही सम्पर्क करें- 9407912771, 8827288033 (37699)

**बेचना है-** मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कैंसर हॉस्पिटल एवं नये बनने जा रहे सिम्स हॉस्पिटल कोनी से आसान कनेक्टिविटी अशोक नगर मेन रोड ऊपर 50 फिट फ्रंट में 8250 वर्गफिट का डायवर्टेड कमर्शियल प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 8305090000 (7340)

**बेचना है-** कोरबा उरगा मुख्य मार्ग पर बरबसपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एलआईजी मध्य तल का फ्लैट बेचना है संपर्क करें 9425283727, 942416 5378 (37718)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

## वाहन बेचना है

**वाहन बेचना है-** अल्फा थ्री व्हीलर माल वाहक ऑटो बेचना है। सम्पर्क करें- सोनथलिया एजेन्सीज व्यापार विहार बिलासपुर 07752 405725 (37685)

## किराया

**किराया-** अयोध्या नगर रिंग रोड नं.-2 गौरव पथ में सर्व सुविधा युक्त 2BHK (2 बेडरूम, हाल, किचन) एवं 24घंटे पानी की सुविधा मकान किराये से देना है सम्पर्क करें- 9993328782, 9827160212 (37712)

## शैक्षणिक

**प्रवेश प्रारंभ-**प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे B.Ed, B.A, B.Com, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.Com, M.Sc, MBA, MSW, B.Lib, M.Lib, DCA, PGDCA, Polytechnic, B.Tech, (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क- Bharti Education Academy, Sector-6, Bhilai 98261 96515, 9826896515 (7179)

## फायनेंस

**फायनेंस-** जन कल्याण योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50,000/- से 25 लाख तक 1% ब्याज वार्षिक प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिज़नेस दुकानदारी ग्रुप लोन सिविल ख़राब लोन पाए संपर्क - 9289384524 (865)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत
सांसद-कोरबा लोकसभा क्षेत्र
शुभेच्छु:- किरण चौरसिया (सांसद प्रतिनिधि)
नूतन सिंह ठाकुर (अधिवक्ता)
सभापति-नगर पालिक निगम, कोरबा
विकास महतो
प्रदेश मंत्री- भारतीय जनता पार्टी (छ.ग.)
गोपाल मोदी
जिला अध्यक्ष-भाजपा, जिला-कोरबा
संजय भावनानी
जिला उपाध्यक्ष-भाजपा, जिला-कोरबा
विकास झा
प्रदेश कोषाध्यक्ष-भाजयुमो (छत्तीसगढ़)
पदमिनी प्रीतम देवांगन
अध्यक्ष-नगर पंचायत, छुरीकला
अजय जायसवाल
अध्यक्ष-नगर पंचायत पाली, जिला-कोरबा
पुष्पेन्द्र शुक्ला
सांसद प्रतिनिधि (NTPC) सीपत
अध्यक्ष-ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.)
पोषक दास महंत
सांसद प्रतिनिधि-एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर,
अध्यक्ष-डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर
रोहित राठौर
भाजपा नेता
मे.रोहित कुमार राठौर ट्रेवल्स, दीपका
विनय सोनकर
पूर्व उपाध्यक्ष-नगर पंचायत, पाली
डॉ.शतदल नाथ
डायरेक्टर-सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, कोरबा
डॉ.प्रीति उपाध्याय
MBBS, MD (Obs & Gynic, Gold Medalist),
Sr Consultant high risk pregnancy & infertility specialist.
Krishna Hospital
डॉ.अजय शेष MD Pathology
Guinness World Record Holder
(Longest Speech Marathon)
डॉ.संजय गुप्ता
प्राचार्य-इंडस पब्लिक स्कूल, दीपका
श्रीकांत बुधिया
अध्यक्ष-जिला उद्योग संघ, कोरबा
पवन अग्रवाल
संचालक- Auto Centre Group
शैलेष सिंह ठाकुर
भाजपा कार्यकर्ता, पाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)
तुलेश्वर कौशिक
भैसमा, जिला-कोरबा (छ.ग.)
संतोष खरे
हिरामणी वैष्णव
राष्ट्रीय कवि
प्रोसेस टेक्नीशियन, भारत एल्यूमिनियम कं. लिमिटेड
संतोष सिंह
TOT MEMBER
CORPORATE CLUB MEMBER
BIMA BHUSHAN RATNA AWARD
LIC OF INDIA
सियाराम बंजारे
महासचिव- WUSHU मार्शल आर्ट, कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.)
पार्थ श्रीवास्तव
67th नेशनल स्कूल गेम्स मेडलिस्ट
खेलो इंडिया यूथ गेम्स बिहार 2025 फोर्थ पोजीशन

जलवायु परिवर्तन यानी क्लाइमेट चेंज का सामना दुनियाभर की आबादी कर रही है। इस वजह से बाढ़, तूफान के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी की वजह से असहनीय गर्मी मुख्य रही है। जलवायु परिवर्तन की ये चुनौतियां सिर्फ पर्यावरणीय ही नहीं है।

# जलवायु परिवर्तन की वजह से 10 सालों में खाद्य कीमतों में दोगुने बढ़ोतरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इसका मानव जीवन पर व्यापक असर पड़ना तय माना जा रहा है। कुल जमा वैज्ञानिक मान रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन की वजह से मानव को आर्थिक के साथ ही शारिरिक नुकसान होना तय है। जलवायु परिवर्तन की वजह से एक तरफ जहां फूड प्रोडक्ट यानी खाद्य पदार्थों के दामों में दोगुने तक की भी बढ़ोतरी होगी तो वहीं जलवायु परिवर्तन मानव की नींद का भी बड़ा दुश्मन बन सकता है।

## दुनिया भर में बढ़ती महंगाई के आंकड़ों का किया विश्लेषण



### तापमान में 10 डिग्री की बढ़ोतरी

जिसके तहत यूनिवर्सिटी के रिसर्चर ने लोगों की नींद के 20 मिलियन से अधिक में रातों की निगरानी की। जिसमें पाया गया है कि अगर किसी रात तापमान में 10 डिग्री की बढ़ोतरी होती है तो लोगों की भरपूर नींद ना लेने की संभावनाएं 20 फीसदी तक बढ़ जाती हैं। रिसर्चर ने अनुमान लगाया है कि तापमान में बढ़ोतरी के कारण इस सदी के अंत तक चीन में प्रत्येक व्यक्ति प्रति वर्ष लगभग 33 घंटे की नींद खो सकता है।

### तापमान में बढ़ोतरी नींद के लिए कर रही संकट पैदा

जलवायु परिवर्तन की वजह से तापमान में बढ़ोतरी होती है, जो भोजन के बाद किसी मनुष्य के लिए आवश्यक नींद के लिए बड़ा संकट पैदा कर रही है। हालांकि, हम तापमान को कम करने के लिए एयरकंडीशनर चला रहे हैं, लेकिन उसके बाद भी रात में बढ़ता तापमान हमारी नींद में खलल डाल रहा है। इसको लेकर चीन की फुडन यूनिवर्सिटी ने लोगों की नींद के डेटा का विश्लेषण किया है।



### 2035 तक दोगुने होंगे फूड प्रोडक्ट के दाम

जलवायु परिवर्तन की वजह से तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। इस वजह से कृषि संकट गहराया है और इस वजह से खाद्य पदार्थों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। इस संबंध में यूरोपिय सेंट्रल बैंक के जलवायु परिवर्तन से दुनिया भर में बढ़ती महंगाई के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। आंकड़ों के बाद बैंक ने अनुमान लगाया है कि 2035 यानी अभी से 10 साल बाद गर्म तापमान की वजह से महंगाई में 0.5 से 1.2 फीसदी की दर से वार्षिक बढ़ोतरी होगी. जबकि खाद्य कीमतों के दामों में दोगुनी की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है।

---

**रोचक खबरें**

## कंकालों का द्वीप, जहां हैं हड्डियां ही हड्डियां, बिखरे पड़े हैं दांत



**लंदन।** दुनिया में बहुत सी अलग-अलग जगहें हैं और उनका अपनी-अपनी खासियत है। कुछ जगहें इसलिए मशहूर हैं, क्योंकि वो बहुत खूबसूरत हैं और कुछ जगहें इसलिए जानी जाती हैं। क्योंकि, वहां का इतिहास काफी रोचक होता है। आज एक ऐसी जगह के बारे में आपको हम बताएंगे, जहां का इतिहास इतना डरावना है कि सामान्य आदमी का दिमाग हिल सकता है।

18वीं से 19वीं सदी के बीच इस द्वीप में कुछ ऐसा हुआ, जिसके सबूत आज भी यहां जगह-जगह पर बिखरे हुए है। इनकी तस्वीरें किसी की भी रातों की नींदें उड़ाने के लिए काफी है। जिस तरह पत्थर बिखरे रहते हैं, वैसे यहां इंसानों की हड्डियां और दांत बिखरे है। यही वजह है कि इसे डेडमैंस आइलैंड यानि मुर्दों का द्वीप कहा जाता है।


एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 200 सालों में इस जगह पर कोई भी नहीं गया है, क्योंकि यहां कंकालों, हड्डियों और इंसानी अवशेषों के अलावा कुछ भी नहीं है। लंदन से 40 मील की दूरी पर मौजूद इस भुतहे द्वीप में कैदियों को दफनाया जाता था। यहां पर 200 सालों तक कैदियों के जहाज़ आते थे और उन्हें यहीं मरने के लिए छोड़ दिया जाता था। उनके शरीर धीरे-धीरे यहीं खत्म हुए, जिनकी हड्डियां और दांत बिखरे मिलते है। जो ताबूत आए, वे कई जगह खुले ही पड़े है।

### तस्वीरें सोने तक नहीं देंगी

साल 2017 में बीबीसी ने स्पेशल परमिशन के तहत यहां एंट्री थी। उसकी प्रेजेंटर नताली ग्राहम ने इस द्वीप को देखते ही कहा था ये बेहद अजीब है और उसे कल्पना भी नहीं थी कि धरती पर ऐसा नजारा भी कहीं दिख सकता है। अब वो ये तस्वीर भूल नहीं पाएंगी। वहीं, उनके साथ ने कहा कि ये किसी हॉरर फिल्म से कम नहीं था, जहां हड्डियां और ताबूत ही थे। इसके बारे में कई कहानियां है। कुछ लोग कहते हैं कि यहां सिर्फ मुर्दों का राज चलता है या फिर यहां दानवों ने आकर लोगों को खा लिया और उनका दिमाग ले लिया।

## शादी में लड़की ने चुपके से चुकंदर के टुकड़ों से किया मेकअप

**नई दिल्ली।** शादी के मौकों पर कई अनोखी चीज़ें भी देखने को मिलती रहती हैं। कभी दूल्हा दुल्हन के मजेदार लम्हें देखने को मिल जाते हैं तो कभी विदाई में कुछ अनूठा पल निकल कर आ जाता है। रिसेप्शन पार्टी में भी कई बार हट कर घटनाएं हो जाती हैं और हमें कुछ वायरल वीडियो मिल जाते हैं। एक वायरल वीडियो में एक लड़की ने बहुत ही अनोखी और मजेदार बात दिखा दी। उसने रिसेप्शन पार्टी के स्टाल में से स्लाद की प्लेट में से चुकंदर निकाल कर चुपके से मेकअप की तरह इस्तेमाल किया, वीडियो ही वायरल हो गया। यूं तो चुकंदर के कई तरह के कई तरह के फायदे गिनाए जाते हैं। इसे कभी खून बढ़ाने वाला बताया जाता है तो कभी इसे त्वचा को चमकदार बनाने के नुस्खे के तौर पर आजमाया जाता है। इस सब्जी में आयरल , पोटेशियम, फोलेट और विटिमिन सी भरपूर होता है और सेहत के लिए इसे बहुत ही ज्यादा फायदेमंद बताया जाता है। पर क्या इसके अलावा भी इस्तेमाल किया जाता है। इस वीडियो में तो इसे लड़की ने लिपिस्टिक की तरह इस्तेमाल करने के आइडिया दे दिया। वीडियो में हम देखते हैं कि एक लड़की शादी की रिसेप्शन पार्टी में आई हुई है।



## मां ने बेटी के सिर पर मज़ाक में फोड़ा अंडा, पकड़ ले गई पुलिस

**स्टॉकहोम।** जिनके भी घर में बच्चे हैं, उनके घरों में बच्चों को डांटना और कभी-कभी उन्हें अनुशासित रखने के लिए सज़ा भी दी जाती है। हालांकि कई देशों में इस तरह की पैरेंटिंग पर सख्ती से रोक है और अगर कोई ऐसा करता हुआ पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है। इसी तरह बच्चों के साथ मज़ाक भी माता-पिता करते हैं, जिसका मतलब ये नहीं वे उसे नुकसान पहुंचाना चाहते है। कई बार ऐसा होता है कि हम अपने ही बच्चों से मज़ाक-मज़ाक में कुछ अतरंगी चीज़ें कर देते है। इसका मकसद हमेशा नुकसान पहुंचाना ही नहीं होता है। हालांकि, एक मां को ये मज़ाक भारी पड़ गया। उसने सोचा भी नहीं होगा कि इतनी सी बात के लिए उसे पुलिस और कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ जाएंगे।



स्वीडन से एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है।यहां के हेलसिंगबॉर्ग में रहने वाली एक 24 साल की महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके पीछे की वजह आपको हैरान कर देगी।मामला साल 2023 का है, जब इस महिला ने सोशल मीडिया पर चल रहे एक वायरल ट्रेंड के तहत अपनी बेटी के सिर पर अंडा फोड़ दिया। दरअसल, इस ट्रेंड के तहत लोग सिर पर अंडा फोड़ते हैं। जब मां ने अपनी बेटी के सिर पर अंडा फोड़ा तो बेटी को ये अच्छा नहीं लगा और उसने बोला कि उसे दर्द हुआ। हालांकि, मां हंसती रही और उसने अपना वीडियो शेयर कर दिया। ये वीडियो जैसे ही पुलिस तक पहुंचा, तो उन्हें ये अंदाज़ नापसंद आया और उन्होंने महिला को अपनी बेटी को परेशान करने के लिए गिरफ्तार कर लिया।

---

**चर्चा**

## एटम और हाइड्रोजन बम में क्या है अंतर? कौन है ज्यादा खतरनाक

### अमेरिका ने पहली बार किया था एटम बम आविष्कार

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच चुका है। आतंकियों के खिलाफ भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान बौखला गया है। पाकिस्तान ने गुरुवार को भारत के करीब 15 शहरों को निशाना बनाया। भारतीय सेना ने इन हमलों को नाकाम कर दिया। भारत और पाकिस्तान में तनाव के बीच एटम और हाइड्रोजन बम की चर्चा हो रही है। अमेरिका ने पहली बार एटम बम आविष्कार किया था। इस हथियार ने जापान के हिरोशिमा और नागासाकी में तबाही मचाई थी जिससे पूरी दुनिया हैरान हो गई थी। यह विनाशकारी हथियारों की सिर्फ शुरुआत थी। इसके बाद हाइड्रोजन बम का आविष्कार हुआ जिसका अभी किसी भी युद्ध में इस्तेमाल नहीं किया गया है।



### कब और किसने सबसे पहला बनाया?

अमेरिका ने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान मैनहट्टन परियोजना के तहत एटम बम बनाया गया था। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति ने परमाणु बम के जनक जे रॉबर्ट ओपेनहाइमर को मैनहट्टन प्रोजेक्ट के तहत लॉस एल्मोस लैब का निदेशक नियुक्त किया था और परमाणु बम बनाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। तीन साल की मेहनत के बाद 16 जुलाई 1945 को पहले परमाणु बम का परीक्षण किया गया, जिसे ट्रिनिटी नाम दिया गया था। इसके महीने भर के अंदर ही जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहर में परमाणु बम गिराए गए, जिससे दुनिया हिल गई। इसके बाद जापान ने सरेंडर कर दिया और द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त हो गया। साल1947 में ओपेनहाइमर को अमेरिकी परमाणु ऊर्जा आयोग का चेयरमैन नियुक्त किया गया।

### क्या होता है एटम बम?

एटम बम विस्फोट के बाद ऊर्जा पैदा करने के लिए परमाणु विखंडन की प्रक्रिया पर काम करता है। इस दौरान एक परमाणु का नाभिक छोटे भागों में बंट जाता है। यह आमतौर पर मुक्त न्यूट्रॉन और फोटॉन पैदा करता है और भारी मात्रा में ऊर्जा जारी करता है। अमेरिका ने साल 1945 में हिरोशिमा और नागासाकी पर बम गिराए थे।

### हाइड्रोजन बम क्या होता है?

हाइड्रोजन बम एक व्यापक प्रक्रिया पर चलने वाला डिवाइस है। इसमें परमाणु बम और थर्मोन्यूक्लियर बम दोनों शामिल हैं। थर्मोन्यूक्लियर बम जिन्हें हाइड्रोजन बम या एच-बम के तौर जाना जाता है। परमाणु संलयन का इस्तेमाल करते हैं। जहां हल्के परमाणु नाभिक मिलकर भारी नाभिक बनाते हैं जिससे ऊर्जा निकलती है। आपको बता दें कि परमाणु बम और हाइड्रोजन बम में मुख्य अंतर उनकी ऊर्जा का स्रोत है। नाभिकीय विखंडन पर परमाणु बम आधारित है, तो वहीं हाइड्रोजन बम नाभिकीय संलयन पर आधारित है।



### भारत कर चुका है परीक्षण

शीत युद्ध के दौरान हाइड्रोजन बम विकसित किया गया। संयुक्त राज्य अमेरिका ने 1952 में पहला थर्मोन्यूक्लियर बम (हाइड्रोजन बम) का परीक्षण किया था। यह हाइड्रोजन बम नागासाकी-हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से 1000 गुना ज्यादा विनाशकारी था। अमेरिका के अलावा ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और रूस हाइड्रोजन बम का आविष्कर कर चुके हैं। भारत और इजरायल भी इसका परीक्षण कर चुके हैं।

## लॉन्च होते ही स्पेसशिप के हो गए थे चार टुकड़े, अब 53 साल बाद आसमान से नीचे गिरा सोवियत कोस्मोस 482



**वॉशिंगटन।** सोवियत युग का एक पुराना स्पेसशिप, जिसे दशकों पहले शुक्र ग्रह पर भेजा गया था वो शनिवार को पृथ्वी पर बेकाबू होकर गिर गया। यह यान करीब 53 साल पहले लॉन्च किया गया था, लेकिन ये मिशन असफल रहा था. यूरोपीय संघ की स्पेस एजेंसी ने इसकी वायुमंडल में वापसी की पुष्टि की है। दरअसल, 53 सालों से स्पेस में फंसा सोवियत अंतरिक्ष यान 10 मई को आखिरी बार पृथ्वी पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के मुताबिक, यह मध्य अंडमान द्वीप से 560 किलोमीटर पश्चिम में हिंद महासागर में गिरा। इससे पहले, यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने एक अपडेट में कहा था कि कोसमोस 482 को जर्मनी के ऊपर रडार में आखिरी बार देखा गया था। इसे लेकर कुछ दिन पहले ही यह बताया गया था कि कोसमोस 482 पृथ्वी पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगा। हालांकि, इसे शुरू में शुक्र ग्रह पर जाना था, लेकिन तकनीकी समस्याओं ने मिशन में समस्या आने से तब से यह पृथ्वी पर मंडराता रहा. जब से यह खुलासा हुआ है कि यह निष्क्रिय उपग्रह गिर जाएगा, तब से वैज्ञानिक इस

### कोस्मोस 482 को ख़तरा माना गया

यह पुराना स्पेसशिप कहां दुर्घटनाग्रस्त होगा, यह आखिर तक रहस्य बना रहा। वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया कि ट्रेजेक्टरी के आधार पर, 494 किलोग्राम का स्पेसशिप भूमध्य रेखा के 52 डिग्री उत्तर या दक्षिण में गिर सकता है। इसमें ज़्यादातर ज़मीनी इलाके और समुद्र शामिल हैं। कोस्मोस 482 की मुख्य समस्या यह थी कि इसे शुक्र ग्रह के लिए बनाया गया था और इसे सख्त माहौल में जिंदा रहने के लिए बनाया गया था। यही कारण है कि इसके वायुमंडल में विघटित यानी टूट जाने की उम्मीद नहीं थी।

## चीन का श्रवण कुमार, बच्चों की तरह मां को पीठ पर लादे घूमता है बेटा!

**बीजिंग।** हर इंसान की ख्वाहिश होती है कि उसके बच्चे इतने काबिल बनें कि वो कामयाब होने के साथ-साथ, अपने माता-पिता का भी ध्यान रख सकें। हालांकि, हर कोई इतना लायक नहीं होता, जितना चीन का एक बेटा है। आमतौर पर चलने-फिरने में नाकाबिल हो चुके माता-पिता का लोग ख्याल तो रखते हैं, लेकिन ये बेटा जो कर रहा है, वो आपने पहले कभी शायद ही देखा हो। बचपन में आपने मां को अपने बच्चे को कांधे या पीठ पर बिठाकर घुमाते-टहलाते हुए बहुत बार देखा होगा। इस वक्त चीन का एक बेटा अपनी मां को इसी तरह पीठ पर लादकर दुनिया घुमा रहा है। आपने श्रवण कुमार की कहानी तो ज़रूर सुनी होगी, जिन्होंने अपने अंधे माता-पिता को तीर्थ कराने के लिए उन्हें कंधे पर उठाया था। इ



### मां को पीठ पर लादे घूम रहा है बेटा

एक रिपोर्ट के मुताबिक सिचुआन प्रांत के हुइडॉन्ग काउंटी के रहने वाले चाइ वानबिन सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके है। 51 साल के चाइ वानबिन को देखकर आपको श्रवण कुमार की कहानी याद आ जाएगी, जिन्होंने माता-पिता को कंधे पर टांगकर चार धाम की यात्रा कराई थी। चाइ भी अपनी मां को अपनी पीठ पर लादकर ही कहीं जाते है। 88 साल की उनकी मां को पैरालिसिस है और वे व्हील चेअर पर ही रह सकती है।

## हवा में तैरती है ये एयरबाइक, अब आप भी पंछियों की तरह कर सकेंगे ग्लाइड

**वारसॉ।** हवा में कौन नहीं उड़ना चाहता है। आज भी इंसान का सपना है कि वह पंछियों की तरह हवा में उड़ सके। अभी यह केवल हेलीकॉप्टर और हवाई जहाज के जरिये हो पाया है। लेकिन, उनमें वह उड़ान और आसानी नहीं होती है, जैसी कि एक पंछी में होती हैं। पर पोलैंड की एक कंपनी ने यह सपना सच कर दिखाया है। उसने ऐसी एयरबाइक बनाई है जिसके जरिए इंसान पंछियों की तरह हवा में ग्लाइड कर सकेंगे। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो तेजी से वायरल होता दिख रहा है। इसे विज्ञान फंतासी की तरह बनाया है और यह बाइक स्टार्स में दिखाई गई स्पीडर बाइक से प्रेरित लग रही है।हैरानी की बात तो ये है कि एक समय पर बाइक हवा में ही धीरे से रुक जाती है और फिर से धीरे धीरे दिशा बदल कर आगे बढ़ जाती है। फिलहाल कंपनी ने अभी तक एयरबाइक की विस्तृत जानकारी का खुलासा नहीं किया है।



### बहुत तेजी से उड़ सकता है ये

पोलैंड की वोलोनॉट ने पहली होवरबाइक व्हीकल बनाया है जो अन्य वाहनों की तरह ईंधन का इस्तेमाल नहीं करती है। कंपनी का दावा है कि यह करीब 200 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा में उड़ सकती है। वीडियो में यह उपकरण आराम से हवा में पंछी की तरह ग्लाइड करता लग रहा है और उसमें किसी तरह की फड़फड़ाने या कंपन की प्रक्रिया का भीअहसास नहीं हो रहा है।

**आदिवासी परंपरा!** खरगोन और झाबुआ जिलों में प्रमुख रूप से निभाई जाती है यह रस्म

## शादी से पहले मां बेटे को कराती है स्तनपान

**खरगोन।** आधुनिक भारत में लोग अपनी सभ्यता को छोड़ फॉरेन कल्चर को अपना रहे हैं। शादी ब्याह में भी रीति-रिवाज से परे, डेस्टिनेशन वेडिंग और प्री वेडिंग शूट को महत्व दे रहे हैं, लेकिन इन सब चीजों के बावजूद आदिवासी समाज के लोग आज भी अपनी मूल संस्कृति, रीति रिवाज और परंपराओं से जुड़े हुए हैं। इसका ताजा उदाहरण है भिलाला समाज की एक ऐसी परंपरा, जो सैकड़ों वर्षों से खरगोन सहित आदिवासी क्षेत्रों में विवाह में निभाई जा रही है।

जिस परंपरा की हम बात कर रहे हैंआमतौर पर इसे कई लोग गलत नजरिया से भी देख सकते हैं, लेकिन इस समाज में इस परंपरा को विवाह के दौरान निभाने का मकसद बेहद ही अलग और भावनात्मक और सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। दरअसल, विवाह के दौरान दूल्हे की मां के स्तनों पर गुड़ लगाकर बेटे को स्तनपान कराया जाता है।



### याद दिलाया जाता है मां का फर्ज

पंवार कहते है कि, आखरी बार स्तनपान इसलिए कराया जाता है, ताकि बेटे को यह एहसास रहे कि पत्नी, बच्चों के अलावा उसे मां की जिम्मेदारी भी उठाना है। उसके बुढ़ापे का वही सहारा है। क्योंकि, इसी मां ने अपना दूध पिलाकर तुम्हें पाला-पोसा है। इसलिए, बड़े होकर मां के दूध का कर्ज और फर्ज भूल मत जाना।

यह परंपरा भिलाला समाज में खासकर खरगोन सहित झाबुआ जिले में प्रमुख रूप से निभाई जाती है।

होंठों को पतला-मोटा करें और आकर्षक बनायें. इंजेक्शन व लेसर व्दारा.
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH ACCREDITED
किडनी रोग विभाग
- किडनी प्रत्यारोपण (Kidney Transplantation)
- स्टेट ऑफ आर्ट डायलिसिस यूनिट
- डेडिकेटेड क्रिटिकल केयर यूनिट
- किडनी बायोप्सी
- एवी फिश्चुला, परमाकैथ, ग्राफ्ट
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. कृष्णा सोमानी M.D., D.M. (नेफ्रोलॉजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन)
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com